नई दिल्ली
रविवार, 28 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 165
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37.0
न्यून. 22.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





## षष्ठम : माता कात्यायनी



चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 21वीं किस्त जारी, 27 लाख किसानों को दिया तोहफा

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को साल में तीन बार 2-2 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। अभी 21वीं किस्त 3 राज्यों (उत्तराखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश) के किसानों को दी गई है। इसे दिवाली का तोहफा बताया जा रहा है।



*फिर वही 'मौत की कहानी'... अभिनेता की फिल्म का प्रमोशन हो, क्रिकेट फ्रेंचाइजी में जीत का जश्न हो, बाबाओं की कथा हो या फिर एक्टरों की रैलियां, जान गंवाते हैं आम लोग, इस देश में मौत आखिर कब तक बनी रहेगी मुआवजे की कहानी?*

- मृतक के परिवारों को 10-10 और घायलों को 1-1 लाख की मदद देगी राज्य सरकार
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने तमिलनाडु सरकार से मांगी हादसे की रिपोर्ट
- रिटायर उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अरुणा जगदीशन की अध्यक्षता में एक जांच आयोग का गठन



तमिलनाडु में एक्टर विजय की रैली में भगदड़ से 36 समर्थकों की मौत, इन मौतों का गुनहगार कौन?

# अपने नेता को 'दम' देने आए लोगों का 'दम' घुटा

***भीड़ में फंसे कई लोग बेहोश हुए, पैरों के नीचे कुचले गए, इनमें 8 बच्चे भी और 16 महिलाएं भी, 56 से ज्यादा लोग मरणासन्न***

***इन महिलाओं की मौत ऐसे वक्त में हुई, जब पूरा देश मां दुर्गा की शक्ति की उपासना में लगा हुआ है और रविवार को देश बिटिया दिवस भी मनाएगा***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौत कभी मरने वालों को याद नहीं रखती और जिंदा लोग कभी उस दर्द को याद नहीं रखते, जो दूसरों की जीवन में रिसता रहता है। अल्लू अर्जुन अपनी नई फिल्म में व्यस्त होंगे पर उनकी पुष्पा-2 के शो में जो भगदड़ मची थी, और जो लोग मारे गए थे, उनके परिजनों की चीखें उसी सिनेमाहॉल के आसपास गूंज रही हैं।

बेंगलुरु में विराट कोहली की टी-20 टीम के स्वागत में उमड़े लोगों में से कुछ फैंस को नहीं मालूम था कि वे अपने घर पर कंधे पर लौटेंगे। सीहोर में पं. प्रदीप मिश्रा का कुबेरेश्वर धाम हो या बाबा बागेश्वर का धाम-वहां से प्रवचन सुनकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

**एक्टर विजय ने अपने समर्थकों को राज्य में छह महीने के भीतर सत्ता परिवर्तन के लिए समर्थन जुटाने जुटाया था**



### भगदड़ के बाद बजाए कार्रवाई के वही घिसे-पिटे सवाल

1. सुरक्षा इंतजाम क्यों नाकाफी थे?
2. भीड़ प्रबंधन में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई?
3. यह आपराधिक लापरवाही का मामला
4. रैली आयोजकों ने सभी शर्तों का उल्लंघन किया

#### पीएम मोदी ने जताया शोक

### इस कठिन वक्त में पीड़ित परिजनों को भगवान शक्ति दे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर शोक जताया है। पीएम ने एक्स पर लिखा कि तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं इस कठिन समय में उन्हें शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। सभी घायलों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विजय के भाषण देते वक्त मची भगदड़

*यह घटना तब हुई जब विजय करूर में भाषण दे रहे थे। टीवीके प्रमुख विजय ने अपना भाषण बीच में रोक दिया। उन्होंने भीड़ से एंबुलेंस के लिए रास्ता बनाने का आग्रह किया। इस दौरान, रैली में कई बच्चियां लापता हो गई, जिसे तलाशने के लिए विजय ने कार्यकर्ताओं से मदद मांगी। इस रैली के दौरान विजय ने पूर्व डीएमके मंत्री सेंथिल बालाजी पर निशाना साधा और छह महीने में सत्ता परिवर्तन का दावा किया। भाषण के दौरान विजय ने यह भी* ▶▶ शेष पेज 5 पर

यूएनजीए के 80वें सत्र में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के झूठे भाषण पर भारत की खरी-खरी

# 'अगर जलकर खाक हुए रनवे और हैंगर हैं, 'जीत की निशानी' तो उनका आनंद लीजिए'...

***बोलीं, यूएन में भारत की राजदूत पेटल गहलोत, पाक प्रधानमंत्री ने किया आतंकवाद का महिमामंडन, उनका भाषण बेतुकी ड्रामेबाजी, तथ्यों से भला कभी झूठ छिपा है***



भारत ने ब्रह्मोस से बहावलपुर, मुरीदके में तबाह किए पाक वायुसेना और आतंकियों के कई ठिकाने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के हाथों ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह से मार खाने के बाद भी पाकिस्तान की अक्ल ठिकाने पर नहीं आई है। वो भारत के खिलाफ तथ्यों से परे झूठी बयानबाजी करने से बाज नहीं आ रहा है। हद तो तब हो गई जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) जैसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर बेतुकी ड्रामेबाजी के साथ आतंकवाद का खुलकर गुणगान किया। जिसमें उनके द्वारा भारत के खिलाफ किया गया जीत का खोखला दावा भी शामिल है। लेकिन हर बार की तरफ भारत ने पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी। यूएन में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने शनिवार दो टूक अंदाज में पाक प्रधानमंत्री के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पाक के गिड़गिड़ाने पर किया संघर्षविराम

पेटल ने कहा कि हमारे सैन्य अभियान के दौरान पाकिस्तान भारत से संघर्ष को रोकने के लिए गिड़गिड़ाया था। जिसके बाद ही दोनों देशों के बीच 10 मई 2025 की शाम 5 बजे से ये समझौता लागू हुआ है। भारत ने युद्ध जीता और अब हम अपने भाग की दुनिया में शांति कायम करने के लिए जीतने की कोशिश कर रहे हैं। नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच का प्रत्येक मामला द्विपक्षीय है और उसमें किसी तीसरे पक्ष या ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मुद्दा कोई भी हो, हल द्विपक्षीय होगा

भारत की राजदूत ने कश्मीर, सिंधु जल संधि जैसे मामलों को उठाने पर कहा कि दोनों देशों के बीच इस बात को लेकर सहमति है कि कोई भी लंबित मुद्दा हो। उसका समाधान भारत-पाकिस्तान के द्वारा द्विपक्षीय रूप से ही निकाला जाएगा और उसमें किसी तीसरे पक्ष के दखल देने की कोई गुंजाइश नहीं है। पेटल ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के शांति के आह्वान पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि अगर वो वास्तव में शांति के प्रति ईमानदार हैं तो सबसे पहले पाकिस्तान को कट्टरता, असहिष्णुता और नफरत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### शहबाज ने ट्रंप को लगाया मक्खन

पाक पीएम ने कहा कि भारत ने बिना किसी कारण के पाकिस्तान पर हमला बोला। लेकिन इस संघर्ष में पाकिस्तान की वायुसेना ने अपनी मारक उड़ान भरी और भारत के 7 लड़ाकू विमानों को ढेर कर दिया। उन्होंने पाक सशस्त्र सेनाओं के पेशेवराना व्यवहार, बहादुरी और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। साथ ही अपने भाषण में कश्मीर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ खड़ा है। पाक की विदेश नीति शांति, आपसी सम्मान और सहयोग पर आधारित है। हम विवादों का शांतिपूर्ण ढंग से बातचीत-कूटनीति के जरिए हल निकालने में विश्वास रखते हैं। पाक ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत की बेटी शीतल बनीं पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियन

# ऐसी पहली खिलाड़ी....पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर चलाया तीर

**तुर्किये की खिलाड़ी को हराकर जीत लिया स्वर्ण**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

18 साल की भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। बिना हाथों के खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। शीतल ने तुर्किये की विश्व नंबर 1 ओजनुर



क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं। यह इस चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक था। शीतल ने इससे पहले कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में तोमन कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी जोडी ▶▶ शेष पेज 5 पर

सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने इंडी गठबंधन से पूछे सवाल

# दुर्गा पंडाल में काबा और मदीना की अकीदत हो रही है, ममता-राहुल जवाब दें: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति में तृणमूल कांग्रेस के विधायक द्वारा मां दुर्गा पंडाल में 'जल्दी मुझे ले चलो, मेरे दिल में है काबा और मेरे मन में है मदीना' वाले गीत पर आपत्ति जताते हुए इसे राहुल गांधी के 'शक्ति से लड़ने' वाले बयान से प्रेरित बताया। शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पूजा अर्चना में दूसरे मजहब के गीत क्यों?


राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कि इंडी गठबंधन दे, जो यह कहते हैं कि किसी संपत्ति के लिए उसी मजहब के लोग होने चाहिए, उन्हें पूजा-अर्चना में दूसरे मजहब के गीत गाए जाना मधुर सेक्युलर संगीत क्यों लग रहा है? इंडी गठबंधन जवाब दे कि दुर्गा पंडाल में गाए जाने वाले इस गीत पर उनकी सेक्युलर दृष्टि क्या है? ये वही लोग हैं जो आमंत्रण ▶▶ शेष पेज 5 पर






लालू यादव और राहुल गांधी पर साधा निशाना, केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां बताईं

# बिहार में शाह गरजे: चुनाव जीते तो घुसपैठियों को चुन चुनकर बाहर निकालेंगे



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को बिहार में कहा कि चुनाव जीते तो घुसपैठियों को चुन चुनकर बाहर निकालेंगे। शाह ने अररिया के फारबिसगंज में एक क्षेत्रीय बैठक को संबोधित किया जिसमें उन्होंने लालू यादव और राहुल गांधी पर घुसपैठियों को बचाने का आरोप लगाया।

उन्होंने बिहार से घुसपैठियों को खदेड़ने का आह्वान किया और एनडीए को बहुमत दिलाने की बात कही। अमित शाह ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि बिहार की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। वे हेलीकॉप्टर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 160 का आंकड़ा पार करेंगे

शाह ने चुनौती देते हुए कहा कि राहुल गांधी बिहार में कहीं भी यात्रा निकाल दो, ये घुसपैठिये बच नहीं पाएंगे। यह बिहार को प्रगति पर ले जाने, घुसपैठिये को निकालने और लालू राज-जंगल राज न आए इसका चुनाव है, देश को और मोदी जी को मजबूत करने का यह चुनाव है। उन्होंने कहा कि हम 160 का आंकड़ा पार करेंगे और फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में लालू जी के समय में बिहार की प्रति व्यक्ति आय आठ हजार रूपए थी, आज 68,000 रूपए है।

### एनडीए को जिताकर चौथी दिवाली मनाएं

भाजपा नेता शाह ने यह भी कहा कि यह चुनाव बिहार को बाढ़ की समस्या से मुक्ति दिलाने का चुनाव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि इस बार बिहार में चार दिवाली मनाई जाए। पहली दिवाली तब होगी जब भगवान राम अयोध्या लौटेंगे। दूसरी दिवाली तब मनी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीविका दीदियों के खातों में दस-दस हजार रुपये भेजे। तीसरी दिवाली तब मनाई गई जब जीएसटी में तीन सौ पचास वस्तुओं के दाम घटाए गए। चौथी दिवाली तब मनाई जाएगी जब एनडीए की जीत सुनिश्चित होगी और सरकार बनेगी।

### सरकार 1100 रुपए पेंशन दे रही

अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने पूर्णिया की धरती से ही मखाना बोर्ड की घोषणा की। भागलपुर में विद्युत संयंत्र का शिलान्यास किया। पूर्णिया में एयरपोर्ट दिया। बिहटा के अलावा 6 एयरपोर्ट और बनाएंगे। कोसी लिंक परियोजना की घोषणा की है, जिससे कोसी क्षेत्र के लोगों को बाढ़ की समस्या से राहत मिलेगी। इन लोगों ने कुछ काम नहीं किया। बिहार में एनडीए सरकार ने सामाजिक पेंशन को 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए किया है।




**खबर संक्षेप**

### महिला से लाखों की ठगी में फर्जी वायुसेना अधिकारी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण जिले की साइबर पुलिस ने खुद को भारतीय वायुसेना का अधिकारी बताकर फर्जी बिल और पत्रों के जरिए लोगों को ठगने के आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। 20 वर्षीय आरोपी युवक का नाम अलवर निवासी तस्लीम खान बताया गया है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार खान के पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। छतरपुर निवासी एक महिला ने इसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि वायुसेना अधिकारी बनकर एक व्यक्ति ने उनसे 2.52 लाख रुपये की ठगी की है। एक विशेष टीम गठित की गई और अलवर के रामगढ़ क्षेत्र के मुकंदवास गांव में छापेमारी के बाद खान को पकड़कर दिल्ली लाया गया। इसके पास से बरामद दो मोबाइल फोन में धोखाधड़ी के साक्ष्य मिले हैं। इनमें कई पीड़ितों के साथ की गई चैट भी शामिल है। खान ने बताया कि वह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म व सोशल मीडिया पर खुद को वायुसेना कर्मी बताता था। पुलिस का कहना है कि अब तक इसका शिकान बनी सात पीड़ितों की पहचान हो चुकी है। ठगी के शिकार अन्य लोगों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### गैंगस्टर रूबल सरदार अमृतसर हवाई अड्डे से पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हाशिम बाबा गिरोह के गैंगस्टर रूबल सरदार को अमृतसर हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। सरदार के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी हो चुका था और उस पर पुलिस टीम लगातार नजर बनाए हुए थी। पुलिस लगातार हाशिम बाबा गिरोह के बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार सट्टेबाज रुबल सरदार उर्फ रूबी को अमृतसर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। वह ग्रेटर कैलाश में जिम मालिक नादिर शाह की हत्या में कथित तौर पर शामिल बताया जा रहा है। रुबल पर नादिर शाह की हत्या करने वाले शूटरों को अपने फ्लैट में ठहराने का आरोप है। मामले में फाइनेंसर के तौर पर इसकी भूमिका सामने आई थी। पुलिस गीता कॉलोनी में मोनू सरदार के घर के बाहर हुई फायरिंग में भी उसकी भूमिका की जांच कर रही है।

### मंगोलपुरी में 15 वर्षीय किशोर की हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में शुक्रवार रात लड़कों के एक समूह ने 15 वर्षीय किशोर पर हमला कर दिया। अस्पताल ले जाने पर किशोर को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक कक्षा 10वीं का छात्र था। उसका स्कूल में अन्य बच्चों के साथ झगड़ा हुआ था। छुट्टी के बाद कुछ बाहरी लोग भी इस झगड़े में शामिल हो गए। पुलिस के अनुसार घायल अवस्था में छात्र को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और हमलावरों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। स्थानीय पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है। इसके साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है।

### कीर्ति नगरः कबाड़ गोदाम में लगी आग

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर में एक कबाड़ गोदाम में शनिवार सुबह आग लग गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मोती नगर थाने में सुबह करीब 9:45 बजे घटना के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद स्थानीय पुलिसकर्मी दमकल की गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दमकल की पांच गाड़ियां और दो एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंची। आग को ज्यादा फैलने से पहले ही काबू कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गत्ते और कागज के कबाड़ में आग लगी थी। धुआं उठता देख मौके पर तमाशबीनों की भीड़ भी एकत्र हो गई थी।

## सीएम ने कहा: दिल्ली सरकार के लिए हमारे वीर जवानों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि

# सैनिकों की सुविधा के लिए किया फुटओवर ब्रिज का शिलान्यास : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजपूताना राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, दिल्ली कैंट, रिंग रोड के पास बनने वाले फुट ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया। यह फुट ओवर ब्रिज विशेष रूप से जवानों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बनाया जा रहा है। मंदिर गेट के पास बनने वाला यह ब्रिज रिकार्ड समय में बनकर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार सालों से यहां के जवान आवागमन की समस्या से परेशान हो रहे थे। हमारी सरकार को जैसे ही यह समस्या पता चली, उसने ब्रिज का निर्माण शुरू करवा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस ब्रिज के निर्माण में किसी भी प्रकार की देरी या फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार उन्हें बताया गया था कि वर्तमान में सैनिकों को रोजाना संकरे और बरसात में जलभराव से प्रभावित अंडरपास से गुजरना पड़ता है, जो न केवल असुविधाजनक है बल्कि असुरक्षित भी है। नए फुट ओवर ब्रिज के निर्माण से सैनिकों को सुरक्षित और सहज मार्ग मिलेगा, जिससे उनके प्रशिक्षण और आवागमन में आने वाली कठिनाइयां समाप्त होंगी। इस अवसर पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस परियोजना को लोक निर्माण विभाग द्वारा मात्र 180 दिनों में पूरा किया जाएगा। यह परियोजना आधुनिक और सुरक्षित डिजाइन पर आधारित है, जो सैनिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अलावा सांसद बांसुरी स्वराज, लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार (एवीएसएम, वीएसएम) सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के लिए हमारे वीर जवानों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। हमारी सरकार सेना के कैंपों और छावनियों से जुड़ी किसी भी समस्या को प्राथमिकता पर हल करेगी।यह फुट ओवर ब्रिज सैनिकों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए तैयार किया जा रहा है। हम हर लंबित समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि दिल्ली सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधाजनक बने। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की अनदेखी की आलोचना करते हुए कहा कि जिन दलों ने वर्षों तक सत्ता संभाली, उन्होंने सेनाओं की बुनियादी समस्याओं की ओर कभी ध्यान नहीं दिया। मुख्यमंत्री के अनुसार हमारे प्रधानमंत्री हर वर्ष सैनिकों के साथ दीवाली मानते हैं। यह इस बात का प्रतीक है कि हमारे सैनिक हमारे परिवार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### पिछले 30 सालों से की जा रही थी ब्रिज की मांग : प्रवेश साहिब सिंह

लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि पिछले लगभग 30 से यहां तैनात सेना के जवानों की सुरक्षा और सुविधा के लिए फुट ओवरब्रिज बनाने की लगातार मांग की जा रही थी। दुर्भाग्यवश, पिछली सरकारों ने इस आवश्यकता को नजरअंदाज किया। सत्ता में रहते हुए उन्होंने सैकड़ों करोड़ रुपये प्रचार और अन्य परियोजनाओं पर खर्च किए, लेकिन इस महत्वपूर्ण पुल के लिए एक भी रुपया आवंटित नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि जैसे ही यह मुद्दा वर्तमान दिल्ली सरकार के संज्ञान में आया, इसे तत्काल प्राथमिकता दी गई। बिना किसी विलंब के आवश्यक धनराशि मंजूर की गई, टेंडर जारी किया गया और अब निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। अगले वर्ष मार्च तक यह फुट ओवर ब्रिज तैयार हो जाएगा। यह न केवल कंक्रीट और इस्पात की एक संरचना होगी, बल्कि देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों के प्रति सम्मान और प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बनेगी। यह उनके लिए न्यूनतम योगदान है जो अपने जीवन को देश की सेवा में समर्पित करते हैं।

### ब्रिज बनने के बाद सैनिकों को असुरक्षित रास्तों से नहीं गुजरना पड़ेगा

राजपूताना राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर रिंग रोड के दोनों ओर फैला है, जहां सैनिकों का प्रशिक्षण क्षेत्र मुख्य परिसर से अलग स्थित है। अभी तक सैनिकों को संकरे और बरसात में पानी से भर जाने वाले अंडरपास या लंबा चक्कर लगाकर धौला कुआं सबवे से गुजरना पड़ता था, जिससे उनकी सुरक्षा, समय और प्रशिक्षण प्रभावित होता था। यह ब्रिज नाले के ऊपर से गुजरते हुए सैनिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध कराएगा, जिससे उनकी दैनिक परेशानियां खत्म होंगी और उन्हें किसी असुरक्षित रास्तों से गुजरने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### वरिष्ठ नागरिक के घर डकैती केस में भगौड़ा अपराधी गिरफ्तार



नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच की आरकेपुरम टीम ने 2020 के डकैती मामले में वांछित 44 वर्षीय एक भगौड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जावेद ने एक वरिष्ठ नागरिक के घर से लगभग 20 लाख रुपये मूल्य के सोने और हीरे के आभूषण व नकदी लूटी थी। जावेद नांगलोई का रहने वाला है। इसे शुक्रवार को सुंदर विहार से गिरफ्तार किया गया। पश्चिम विहार वेस्ट थाने में दर्ज इस मामले में आरोपी को इसी साल फरवरी में भगौड़ा घोषित किया गया था। डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार यह वारदात 29 जनवरी 2020 को रिपोर्ट हुई थी। सात लोगों ने अंबिका विहार में 70 वर्षीय महिला के घर पर लूटपाट की साजिश रची थी। महिला के चालक राजेश द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर चार आरोपी गैस मीटर चेक करने का बहाने से घर में घुसे थे। जावेद और दो अन्य बाहर पहरा दे रहे थे। अंदर हमलावरों ने महिला और उसकी घरेलू सहायिका को रस्सियों से बांध दिया और उन्हें बेहोशी की दवा देने के बाद गहनें और नकदी लूट फरार हो गये थे। प्रारंभिक जांच के दौरान सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। जावेद जमानत पर बाहर आया था और फरार हो गया था। इसी साल 24 फरवरी को उसे भगौड़ा घोषित किया गया था। हाल ही में जावेद के सुंदर विहार के एक पार्क में होने की सूचना क्राइम ब्रांच को मिली थी।

### फाइव स्टार होटलों में सरकारी कार्यक्रमों को करना रेखा सरकार की गरीब विरोधी मानसिकताः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एक बार फिर दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना साधा है। यादव ने आरोप लगाए है कि रेखा गुप्ता सरकार ने सरकारी कार्यक्रमों को महंगे फाइव स्टार होटलों में करने के निर्णय ने अपनी गरीब विरोधी मानसिकता और पूंजीपति पोषण की नीति को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि रेखा सरकार का ध्यान अनाधिकृत कॉलोनियों में बदहाल नाली और जलभराव, गंदे पानी से भरी गलियां, उफनते सीवर, टेंटो में चलते स्कूल और अस्पतालों की बदहाल हालत, टूटी सड़के जल और वायु प्रदूषण, यमुना में जहरीला पानी, पीने के पानी का संकट, ध्वस्त परिवहन व्यवस्था, घटती डीटीसी बसें, गंदगी और कूड़ा घर में तबदील होती दिल्ली की बदहाल हालत पर कतई नहीं है। बल्कि भाजपा सरकार का फाइव स्टार संस्कृति को तरजीह देकर सरकारी खजाने में सैंध लगाने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के गरीबों के अधिकार हनन करने वाली और झुग्गीवालों को उजाड़ने वाली गरीब विरोधी मानसिकता उजागर होती है कि भाजपा लक्ज़री सरकार है। ऐसी सरकार जो गरीबों के आशियाने बसाने की जगह अपने लिए फाइव स्टार होटलों में जश्न मनाने का इंतजाम कर रहे है। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था, मैं बनिए की बेटी हू फिजूल खर्च नहीं करूगी। लेकिन बताएं कि होली मिलन में खर्च किए गए 8,42,787 रुपये फिजूल खर्च नहीं था। सिर्फ मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के कार्यक्रमों के लिए फाइव स्टार होटल की निविदा 16 अक्टूबर तक मांगना सरकारी खजाने को बर्बाद करके फिजूल खर्च करने की दिशा में उठाया गया एक और फिजूल खर्ची का कदम है।

## घोघा चौपाल की वायरल वीडियो के जवाब में डीडीए की नई क्लिप में सच्चाई दिखाने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दो दिन पूर्व घोघा गांव में फर्जी विकास व उसके उद्घाटन वाली वायरल वीडियो के बाद सच्चाई बताने के लिए एक वीडियो क्लिप जारी की है। डीडीए ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसे पोस्ट करते हुए पूर्व में वायरल वीडियो को पुरी तरह गलत और लोगों को भ्रमित करने वाला करार देते हुए लिखा है असल सच्चाई यह है। डीडीए द्वारा पोस्ट की गई वीडियो क्लिप में एक युवक घोघा गांव की उसी चौपाल को दिखाते हुए किए गए विकास कार्य को सिलसिलेवार दिखा और बता रहा है। युवक बता रहा है कि घोघा गांव में क्या क्या कार्य किए गए है। सबसे पहले युवक बता रहा है कि प्रांगण में नीचे फर्श पर कार्य किया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार की सीढ़ियां ठीक की गई है। खिड़की जंगलों पर पेंट व टूटे शीशे बदलना आदि किया गया बताया है। चौपाल के मुख्य हाल में पेंट व मरम्मत आदि की गई बताई गई है। बाथरूम के ऊपर नई टंकी लगाई गई है। जबकि ऊपरी मंजिल के कमरों को दिखाते हुए युवक बता रहा है कि इनमें भी पंखे सहित दीवारों पर रंग रोगन आदि कार्य किए गए है। इस पूरे मामले पर डीडीए ने कहा है कि सोशल मीडिया पर एक दुर्भावनापूर्ण और जानबूझकर भ्रामक वीडियो प्रसारित किया जा रहा है,। जिसमें झूठा दावा किया जा रहा है कि घोघा गांव की एक चौपाल में कोई काम नहीं हुआ लेकिन 24 सितंबर 2025 को उद्घाटन के लिए एक पट्टिका लगाई गई। डीडीए ने स्पष्ट करते हुए लिखा है कि स्वयं उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की निगरानी में दिल्ली ग्रामोदय अभियान चलाया गया जिसे बड़ी सफलता मिली। जिससे दिल्ली के अब तक उपेक्षित गांवों में आवश्यक नागरिक बुनियादी ढाँचा उपलब्ध हुआ है।

## महिला ने होटल में फांसी लगा की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तिलक नगर थानाक्षेत्र के केशोपुर डिपो के नजदीक एक होटल में महिला ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। महिला की दो साल पहले फरीदाबाद में शादी हुई थी और पति से अनबन के चलते वह दिल्ली वापस आ गई थी। इसके बाद होटल में रह रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार तिलक नगर पुलिस को शुक्रवार को जानकारी मिली कि महिला कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही है। ना ही नॉक करने पर कोई रिस्पॉन्स कर रही है। इंटरकॉम पर भी बात नहीं हो पा रही है। पुलिस होटल दिल्ली 18 पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर महिला बेड पर पड़ी हुई थी। टूटा हुआ फंदा ऊपर लटका हुआ था। अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतका का नाम पूजा (24) पत्नी नरेश निवासी फरीदाबाद बताया गया है। क्राइम और फॉरेंसिंक टीमों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। शव का दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंपा गया है। जिस कमरे में महिला ने खुदकुशी की है, उस कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने पति से चल रहे वैवाहिक विवाद का उल्लेख किया है। हालांकि अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं बताया है। चूंकि विवाह ढाई साल पहले ही हुआ था तो मामले की एसडीएम जांच की जा रह है। महिला के माता पिता के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज किये गये हैं।

## किशनगढ़ में करीब 11 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ प्रधानमंत्री की ग्रामोदय योजना से दक्षिण दिल्ली को मिले 262 करोड़

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शनिवार को विधायक गजेंद्र यादव के साथ महरौली व किशनगढ़ में लगभग 11 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत की। इन विकास कार्यों में नालों और नालियों के साथ सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की। बिधूड़ी ने बताया कि ये सभी विकास कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्रामोदय योजना के अंतर्गत कराए जा रहे हैं। क्षेत्र में नालों, नालियों, सड़कों, स्कूलों, पार्क, बारात घर तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण पर यह राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूरे दक्षिण दिल्ली क्षेत्र के लिए 262 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए थे जोकि क्षेत्र में विकास पर खर्च किए जा रहे हैं। यह राशि डीडीए के माध्यम से खर्च की गई है। उन्होंने यह राशि उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण दिल्ली की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद भी दिया।

### पानी पर सरचार्ज माफ करने की घोषणा का लोगों ने किया स्वागत, एक वर्ग चाहता है पूरा बिल माफ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह द्वारा पानी के बकाया बिलों पर जुर्माना माफी घोषणा का ज्यातार लोगों ने स्वागत किया है। बावजूद एक वर्ग ऐसा भी है जो इसमें और अधिक छूट चाहता है। अधिक छूट चाहने वालों में सबसे अधिक का कहना है कि अगर सरकार बकाया बिलों को माफ करने की योजना लेकर आती तो ज्यादा बेहतर रहता, गरीबों को अधिक लाभ मिलता। जहांगीरपुरी निवासी मूलचंद का कहना है कि पूर्व सरकार के समय पानी के मीटरों को लेकर घोर लापरवाही बरती गई, जिससे बिल अनाप शनाप आते रहे। ऐसे में अगर भाजपा सरकार इस पहलू को देखते हुए पुराने बिलों को पूरी तरह माफ न भी कर सके तो कम से कम एक तिहाई तो माफ करना ही चाहिए। सुनीता नामक गृहणी का कहना है कि पानी के बिलों पर अगर जुमार्ना की बजाए पूरा बिल ही माफ किया जाता तो बेहतर रहता। सुनीता का कहना है कि जल बोर्ड की कार्यशैली भी सही करने की जरूरत है। समय पर बिल रीडर नहीं आते, मनमाने बिल भेजते है और बाद में दलालों के साथ मिलकर बिल को कम करते है। इसी प्रकार भलस्वा डेयरी के आसाराम का कहना है कि दरअसल फ्री पानी की योजना देकर गत सरकार ने पानी ही नहीं दिया। लेकिन अनाप शनाप बिल जरूर भेजे गए। ऐसे में भाजपा सरकार का जुर्माना पर माफी देना काफी नहीं है। क्योंकि यह किसी राजनीतिक दल की नहीं बल्कि दिल्ली सरकार की बात है। सरकार को चाहिए कि पिछली सरकार की गलतियों को सुधारना चाहिए।

### राजौरी गार्डन से 3580 किलो पटाखे जब्त

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने राजौरी गार्डन इलाके में छापा मारकर 3580 किलो पटाखे जब्त किये हैं। पूछताछ में पता चला कि पटाखे मेरठ, गुरुग्राम और गाजियाबाद से लाये गये थे। दीवाली पर इन्हें बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जाना था। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें मां-बाप और बेटा शामिल हैं। डीसीपी शरद भास्कर के अनुसार पटाखे राजौरी गार्डन के विशाल इंक्लेव स्थित रिहायशी इलाके के एक घर में स्टोर कर रखा गया था। पुलिस का कहना है कि फैमिली के मेंबर पटाखों की छोटी पैकिंग कर उन्हें आगे दुकानों तक पहुंचाने की तैयारी कर रहे थे। गौरतलब है कि दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के डायरेक्शन पर पटाखे पर पूरी तरीके से पाबंदी है। इसी को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम सुशील कुमार, उपासना कक्कड़ और शिवम कक्कड़ हैं। इनकी मोती नगर में एक शॉप भी है, लेकिन दीवाली पर अच्छी कमाई करने के लिए इन लोगों ने अलग-अलग जगह से पटाखे लाकर स्टोर किये हुये थे। इनके खिलाफ राजौरी गार्डन थाने में एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 33-SRDEE-G-DLI-2025-26 दिल्ली मंडल के स्टेशनों, सेवा भवनों, आवासीय भवनों और एलसी गेट पर रूफटॉप प्रकार के सौर संयंत्रों के प्रावधान के साथ अन्य संबद्ध कार्यों के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू0 180863696.00 |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू0 1054300.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 21.10.2025, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 21.10.2025, 16.00 बजे |
| वेब साइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2997/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साजिद पुत्र** साबीर **निवासीः** 4/37, प्रथम तल के सामने, गोतम गली, नई विश्वाश नगर, विवेक विहार, दिल्ली एवं A-396, ओल्ड सीमापुरी, दिल्ली ने **FIR No. 87/2023 U/s 354/506/509 IPC. थानाः विवेक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **साजिद** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **साजिद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 87/2023 U/s 354/506/509 IPC. थानाः विवेक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **साजिद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
मोक्षा बेन्स
एलडी. जेएमएफसी, (महिला कोर्ट)
कमरा नं. 02, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12926/SHD/2025
(Court Matter)

### सिंगल लेन पर ट्रैफिक डायवर्ट होने से लगता है लंबा जाम

# एनएच-44 गड्ढा मामला : ऐसी सुस्ती से तो साल भर में भी पूरा नहीं होगा मरम्मत का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित नरेला विधानसभा के सिंघोला फ्लाईओवर पर बना गहरा गड्ढा सरकार और प्रशासन की लापरवाही का जीता-जागता सबूत बन चुका है। करीब 22 दिन पहले बारिश के दौरान और दिल्ली जल बोर्ड लाइन लीकेज के चलते सड़क धंसने से बने इस गड्ढे की मरम्मत का काम अब तक बेहद सुस्त रफ्तार से चल रहा है। हालत यह है कि कार्य की धीमी गति से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर यही हाल रहा तो इसे पूरा करने में महीनों नहीं, बल्कि साल लग सकता है। मरम्मत स्थल के पास से हर दिन हजारों वाहन गुजरते हैं। काम की धीमी गति के कारण सिंगल लेन पर ट्रैफिक डायवर्ट होने से रोजाना घंटों लंबा जाम लगता है। इस जाम में फंसे वाहन चालकों का न केवल वक्त बर्बाद हो रहा है, बल्कि सड़क के साथ उड़ती धूल के बीच सफर करना पड़ रहा है जो किसी यातना से कम नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गड्ढा सरकार की नाकामी का प्रतीक बन गया है।

### सरकार की कार्यशैली की पोल खोल रहा है कार्य

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब जरूरत है कि सरकार और एनएचएआई तुरंत हरकत में आएं और युद्धस्तर पर काम को पूरा करें। अन्यथा, यह गड्ढा सिर्फ वाहनों के पहियों को ही नहीं, सरकार की कार्यशैली की पोल भी खोलता रहेगा। लोगों का कहना है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), दिल्ली जल बोर्ड और मरम्मत का कार्य देख रही ठेकेदार कंपनी के बीच समन्वय की कमी साफ झलक रही है। मौके पर न तो पर्याप्त मशीनरी दिखती है और न ही कामगार। यहां से आने जाने वाली जनता सरकार से पूछ रही है कि आखिर क्यों सरकार और एजेंसियां इस मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने गड्ढे को जल्द ठीक करने में नाकाम साबित हो रही हैं।

### गलत दिशा से आ रहे हैं भारी वाहन

स्थानीय लोगों का मानना है कि अगर गड्ढे को समय पर दुरुस्त नहीं किया गया तो यह न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या को बढ़ाएगा, बल्कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है क्योंकि रात के समय सिंधु बॉर्डर से टीकरी सेब मंडी की तरफ गलत दिशा में भारी वाहनों का आवागमन जारी है। साथ ही सड़क पर सुबह शाम व्यस्ततम समय में लगातार जाम और फलाईओवर के नीचे जल बोर्ड द्वारा किया जा रहा धीमी गति से कार्य परेशानी का सबब बना हुआ है। यहां यातायात पुलिस की व्यवस्था भी नहीं है जो वाहनों के आवागमन को सुचारू चला सके।

### रेखा गुप्ता ने ग्रेटर कैलाश में स्वचालित पार्किंग जनता को की समर्पित

# दिल्ली में 100 स्वचालित पार्किंग स्थापित करना हमारा लक्ष्यः सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पार्किंग की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए पूरी दिल्ली में हमारी सरकार 100 स्वचालित पार्किंग सिस्टम स्थापित करेगी। यह बात घोषणा शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ग्रेटर कैलाश-एक के एम ब्लॉक मार्केट में ऑटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप पार्किंग के लोकार्पण करने के दौरान की। यह उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा पखवाड़े' के तहत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्वचालित पार्किंग सिस्टम ट्रैफिक जाम को कम करेगा और नागरिकों को सुरक्षित-व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा प्रदान करेगा जिससे राजधानी का यातायात और अधिक सुचारू और सुविधाजनक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में पार्किंग एक बहुत बड़ी समस्या है। जिसके कारण ट्रैफिक जाम व सड़कों की अव्यवस्था होती है। आए दिन लोगों में झगड़े होते हैं। हमारी सरकार दिल्ली की पार्किंग समस्या के समाधान में हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एम ब्लॉक मार्केट, ग्रेटर कैलाश 1 स्थित बहुस्तरीय शटल प्रकार की पार्किंग 2245 वर्ग मीटर क्षेत्र में निर्मित है, जिसमें 399 कारों की क्षमता है। यह पार्किंग स्थल पूरी तरह से स्वचालित है, जहां वाहन खड़ा करने और निकालने में किसी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होगी। पार्किंग का प्रवेश और निकास भूतल से है। इस पार्किंग में बेसमेंट, ग्राउंड और 07 मंजिला इमारत शामिल है, यानी इसके प्रत्येक स्तर पर 57 कार के खड़े होने की क्षमता है। इस परियोजना की कुल लागत 10 वर्ष के संचालन व रखरखाव सहित कुल 63.74 करोड़ रुपये है। इस परियोजना में 1.5 लाख लीटर क्षमता का भूमिगत जल टैंक तथा अग्निशमन हेतु विशेष प्रावधान किए गए हैं।

इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक शिखा रॉय,उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही आदि के साथ निगमायुक्त अश्वनी कुमार, बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि यह नई पार्किंग व्यवस्था मुख्यमंत्री के दिल्लीवासियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महापौर ने कहा कि जिस प्रकार मुख्यमंत्री सभी को साथ लेकर निरंतर दिल्ली के लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे मुख्यमंत्री अगले पांच साल में दिल्ली का कायाकल्प कर देंगी। इस अवसर पर नई दिल्ली की भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और स्थानीय विधायक शिखा राय उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं चाहती हूं कि दिल्ली में हमारे सभी जनप्रतिनिधि इतने सक्रिय हों कि कोई भी सड़क, नाला व फुटपाथ टूटा फूटा न हो। क्षेत्र में हर पार्क सुन्दर हो, पार्किंग की व्यवस्था हो व क्षेत्र में कूड़ा न पड़ा हो। इन सभी नागरिक सुविधाओं की आप जिम्मेदारी ले, तो फंड देने की जिम्मेदारी हमारी।

#### मुख्यमंत्री की अपील, लोग करें सोलर पैनल का इस्तेमाल

मुख्यमंत्री ने मार्केट एसोसिएशन व स्थानीय लोगों से सोलर पैनल के इस्तेमाल करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि सरकार का विज़न है कि सभी सरकारी बिलडिंग में व निजी घरों व दुकानों पर ज्यादा से ज्यादा सोलर पैनल लगाए जाए ताकी पूरे देश के साथ हमारी दिल्ली हरित ऊर्जा से रोशन हो।

## 'शालीमार बाग विधानसभा में सभी लंबित कार्य समयबद्ध तरीके से किए जाएं पूरे'

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की कई विकास कार्यों की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शालीमार बाग विधानसभा में चल रहे विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। यह कड़े निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को अपनी विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने के दौरान दिए। इस दौरान अपनी विधानसभा शालीमार बाग में मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह सभी विकास कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत किए जा रहे हैं। उन्होंने आज शालीमार बाग क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य के विभिन्न ब्लॉकों में नई सीवर लाइनें, सड़कों की डेंस कार्पेटिंग, सेमी-हाई मास्ट लाइट्स, सीवर लाइनों की मरम्मत तथा अन्य आवश्यक परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री के अनुसार पिछले 6-7 महीनों में शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्य शुरू किए जा चुके हैं। शनिवार को जीडी ब्लॉक में 15 लाख रुपये की लागत से डेंस कारपेटिंग का कार्य का उद्घाटन किया गया है। साथ ही, डीएवी स्कूल के बीच की सड़क पर 15.27 लाख रुपये की लागत से डेंस कारपेटिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके अतिरिक्त टीयू से एमयू ब्लॉक की गलियों में पुनर्निर्माण कार्य हो रहा है, जबकि क्यूयू ब्लॉक और वैशाली ब्लॉक में सड़कों एवं सीवर लाइनों के कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने पार्कों के विकास और लाइटिंग सुधार पर विशेष जोर देते हुए बताया कि सीडी-जीडी, एनयू, एफवनयू , एचपी ब्लॉक के पार्कों में 24 लाख रुपये की लागत से पांच सेमी हाई मास्ट लाइटें लगाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि दिवाली के समय पूरे क्षेत्र में उचित स्ट्रीट लाइटिंग सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि डार्क स्पॉट्स को दूर करने के लिए पूरे क्षेत्र में सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, हर ब्लॉक में ट्रैफिक और स्ट्रीट लाइटिंग से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा।

#### कोई भी सड़क अधूरी नहीं छोड़ी जाएगी

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सड़क, सीवर और पानी की लाइन से जुड़े सभी कार्य प्राथमिकता पर होंगे और कोई सड़क बिना निर्माण कार्य के अधूरी नहीं छोड़ी जाएगी।मुख्यमंत्री ने ड्रेनेज और सीवर लाइन के सुधार को प्राथमिकता देते हुए बताया कि पीतमपुरा के कई ब्लॉकों में सीवर और पानी की लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। डीयू, एपी, केपी और अन्य ब्लॉक में 26.60 लाख रुपये की लागत से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए विशेष ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने के कार्य भी प्रारंभ किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में सभी पार्कों में सफाई और सुधर का कार्य जारी है।

## नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति के साथ विकसित दिल्ली निर्माण की प्रेरणा दे रहीं रामलीलाएंः रेखा



**नई दिल्ली।** दिल्लीभर में हो रही रामलीलाओं के आयोजन प्रभु श्रीराम के आदर्शों से जुड़कर समाज को सत्य, सेवा और सुशासन की प्रेरणा तो दे ही रहे हैं, साथ ही नई पीढ़ी को अपनी महान सांस्कृतिक परम्पराओं और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ रहे हैं। उन्हें विकसित दिल्ली निर्माण की प्रेरणा भी दे रहे हैं। यह बातें शुक्रवार का मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डीडीए रामलीला ग्राउंड, सेक्टर-23 रोहिणी में चल रही सनातन संस्कारम रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में भागीदारी करने के दौरान कहीं। इस दौरान दिल्ली सरकार की रामलीला समिति के चेयरमैन एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने दिल्ली में रामलीलाओं के अब तक के सबसे भव्य और ऐतिहासिक आयोजन के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के दर्शन और रामलीला का मंचन भक्ति, मर्यादा और धर्म का जीवंत संदेश है। इस सन्देश को पूरे समर्पण के साथ लोगों तक पहुंचाना महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा के तहत चल रहे अभियानों और सामाजिक कार्यों को रामलीला से जोड़ने से यह आयोजन और भी ख़ास हो गये हैं। रामलीला कार्यक्रमों में वोकल फॉर लोकल, स्वच्छता, जल संरक्षण, हरित दिल्ली और नशा मुक्ति जैसे जनसंदेशों का व्यापक प्रसार हो रहा है। जनसहयोग से, जैसे बड़े धार्मिक उत्सवों का सफल आयोजन हुआ है, उसी तरह जनसहयोग से विकसित दिल्ली का संकल्प भी पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली की ऐतिहासिक रामलीला परंपरा, राजधानी की सांस्कृतिक धरोहर है।

## रेबीज दिवस पर विजय गोयल के नेतृत्व में धरना आज

**नई दिल्ली।** विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर आज रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल के नेतृत्व में राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर एनसीआर (दिल्ली, फरीदाबाद, गाज़ियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम) से आए सैकड़ों आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि धरना देंगें। धरने में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का यह कहना है कि देशभर में 12 करोड़ से अधिक आवारा कुत्ते खुलेआम घूम रहे हैं। यदि सरकार इनका स्टरलाइजेशन और वैक्सीनेशन भी करा दे, तब भी यह 12 करोड़ कुत्ते सड़कों पर काटने और रैबीज फैलाने के लिए स्वतंत्र रहेंगे। गोयल ने कहा कि सरकार ने घोषणा की थी कि वर्ष 2030 तक भारत को रेबीज फ्री बनाया जाएगा, लेकिन जिस गति और तादाद में कुत्तों के काटने के केस सामने आ रहे हैं, उससे तो यह लक्ष्य असंभव प्रतीत होता है। गोयल ने आरोप लगाया कि रैबीज की दवाइयां और वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों के अपने निजी स्वार्थ हैं, इसलिए वे भी नहीं चाहते कि आवारा कुत्तों पर प्रभावी नियंत्रण हो। इससे सबसे अधिक शिकार छोटे बच्चे और गरीब तबके के लोग बनते हैं, जिन्हें आवारा कुत्ते आसानी से निशाना बनाते हैं। पूर्व मंत्री गोयल ने साफ किया कि उनका आंदोलन जारी रहेगा। आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की इस मुहिम को हम देशव्यापी बनाएंगे और ज्यादा से ज्यादा आरडब्ल्यूए को साथ जोड़ेंगे।

## विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर चैंपियन रन आयोजित

**नई दिल्ली।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर गांधी दर्शन, राजघाट से 16वीं चैंपियन रन का आयोजन किया गया। इस चैंपियन रन का शुभारंभ दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा द्वारा ध्वज दिखाकर किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हम फिट तो इंडिया फिट के संदेश के साथ चैंपियन रन के माध्यम से देशवासियों में फिटनेस के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। रन पूरी होने के बाद पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस रन का आयोजन हेल्थ फिटनेस ट्रस्ट द्वारा किया गया। इसमें दिल्ली पर्यटन विभाग के अलावा गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया भी साझेदार रहे। वहींकार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल भी उपस्थित रहे।इस पूरे आयोजन का समन्वयन एशियन मैराथन चैंपियन डॉ. सुनीता गोदारा द्वारा किया गया, जो वर्षों से देशभर में फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों की अगुवाई करती रही हैं।

## बिजली की मांग में फिर हुई गिरावट

**नई दिल्ली।** बिजली की मांग में एक बार फिर गिरावट आने से निजी बिजली वितरण कंपनियों ने राहत की सांस ली है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ 6489 मेगावाट दर्ज हुई। जबकि शुक्रवार को यह आंकड़ा 6607 मेगावाट दर्ज हुआ था। लेकिन इससे पहले गुरुवार को दिल्ली में बिजली मांग का आंकड़ा एकाएक बढ़कर 7459 मेगावाट पहुंच गया था। जबकि बुधवार को यह मांग महज 6413 मेगावाट ही दर्ज हुआ था। एकाएक बिजली की मांग बढ़ने से बिजली आपूर्ति कंपनियों को भी परेशानी महसूस होने लगी थी। क्योंकि आने वाले दिनों में कई त्योहारों के चलते मांग में बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है। हालांकि अब मानसून दिल्ली से विदा हो चुका है ऐसे में एक बार फिर मौसम गर्म होने से बिजली की मांग बढ़ना सामान्य बात कही जा सकती है। इस बारे में निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस व टाटा पावर डीडीएल के अधिकारियों की मानें तो यह समय बिजली की मांग में कई तरह से उतार चढ़ाव वाला रहता है।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. ^Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75001. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The HDFC Bank Instant Cashback offer is valid until 31st October 2025, while the IDFC Bank Instant cashback offer is valid until 30th September 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (III Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666; Parkash Honda (Bhangel) - 01204796600; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Hindon Honda (Govind Puram) - 9910110017; Hindon Honda (Gadana) - 9927196125; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

**खबर संक्षेप**

### सर्व कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न



**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक फरीदाबाद की बैठक प्रधान विजय चावला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। युद्धवीर सिंह सचिव ने कहा कि फरीदाबाद में 7-8 जून 1997 मे दौलत राम धर्मशाला एनआईटी में आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन के बाद चौधरी बंसीलाल की हविपा-भाजपा गठबंधन सरकार से कर्मचारियों की मांगों पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का जबरदस्त टकराव हुआ था। कहा गया कि स्मार्ट सिटी बनाने के लिए दो हजार सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए ।


### मंत्री गोयल की भाभी के निधन पर शोक



**फरीदाबाद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पं. मोहन लाल बड़ौली ने कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की भाभी एवं स्व. विनोद गोयल की धर्मपत्नी रेनू गोयल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और स्व. रेनू गोयल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। मोहन लाल बड़ौली ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### यूपीआई में निवेश के नाम पर 3,86,000 की ठगी

**फरीदाबाद।** यूपीआई में निवेश के नाम पर 3,86,000 रुपये की ठगी के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक लिंक आया जिस पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप में जुड़ गया। उसने ठगो द्वारा बताए गए यूपीआई में कुल 3,86,000 रुपए निवेश किए। जिसको कोई पैसा वापस नहीं मिला। जिस संबंध में साइबर थाना सेंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



### मोबाइल छीनने के मामले में एक आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** मोबाइल छीनने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना मुजेसर में राहुल खान ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 25 सितम्बर को पंजाब रोलिंग चौक सेक्टर-24 फरीदाबाद की साइड में खड़ा था। तभी एक मोटरसाइकिल सवार आया और उसके हाथ से मोबाईल फोन छीन कर ले गया। जिस शिकायत पर थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



## शक्ति फेज 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# स्कूली छात्राओं, अध्यापिकाओं को सुरक्षा सम्मान व नारी स्वावलंबन का पाठ पढ़ाया

> स्कूली छात्राओं, अध्यापिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया तथा अपील की गई कि यदि किसी महिला या बालिका के साथ किसी प्रकार का मानसिक व शारीरिक शोषण करने का समाज के किसी नकारात्मक तत्वों द्वारा करने का प्रयास किया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश शासन एवं अभियोजन निदेशालय के निर्देश के अनुक्रम में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकार एवं प्राप्त कानूनी सुरक्षा के प्रति जागरूक किए जाने के कार्यक्रम के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल लोहिया नगर सिंहानी गेट गाजियाबाद के परिसर मे मिशन शक्ति फेज 5.0 जागरूकता कार्यक्रम अभियोजन कार्यालय गाजियाबाद द्वारा संचालित किया गया।



**अप्रिय घटना की सूचना निकटवर्ती पुलिस थाना को अवश्य दें**

स्कूली छात्राओं, अध्यापिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलम्बन के प्रति जागरूक किया गया तथा वक्ताओं द्वारा यह भी अपील की गयी कि यदि किसी महिला या बालिका के साथ किसी प्रकार का मानसिक व शारीरिक शोषण करने का समाज के किसी नकारात्मक तत्वों द्वारा करने का प्रयास किया जाता है तो उसकी सूचना विद्यालय, अपने अभिभावक के माध्यम से निकटवर्ती पुलिस थाना को अवश्य सूचना दें, जिससे शासन की सुस्पष्ट नीतियों/जीरो टालरेंस नीति के अन्तर्गत ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उन्हें दंडित किया जा सके। सहायक अभियोजन अधिकारी उत्तम त्रिपाठी, कविता रानी व रवि गुप्ता व महिला उपनिरीक्षक अंजली द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रजेश कुमार पाण्डे संयुक्त निदेशक अभियोजन, गाजियाबाद महोदय द्वारा किया गया ।

## निट्रा का 20वां दीक्षांत समारोह संपन्न, 110 छात्रों को मिले प्रमाणपत्र

# वस्त्र मंत्रालय के मिशन निदेशक ने उद्योग की संभावनाओं पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद

डॉ. एम.एस. परमार ने बताया कि संस्थान गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, मर्चेंडाइजिंग, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग और क्वालिटी एश्योरेंस जैसे कार्यक्रम संचालित करता है। अब तक 90 फुल टाइम और 68 डिस्टेंस लर्निंग बैच पूरे हो चुके हैं, जिससे 3,500 से अधिक छात्रों को वस्त्र व परिधान कंपनियों में रोजगार मिला है।

गाजियाबाद के निट्रा परिसर में शनिवार को 20वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 110 छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय में नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के मिशन निदेशक अशोक मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में निट्रा काउंसिल के चेयरमैन विदित जैन, डिप्टी चेयरमैन संदीप होरा, वाइस चेयरमैन नितिन नोलखा और महानिदेशक डॉ. एम.एस. परमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। अपने स्वागत भाषण में डॉ. एम. एस. परमार ने निट्रा की उद्योग-उन्मुख शिक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्थान गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, मर्चेंडाइजिंग, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग और क्वालिटी एश्योरेंस जैसे कार्यक्रम संचालित करता है। अब तक 90 फुल टाइम और 68 डिस्टेंस लर्निंग बैच पूरे हो चुके हैं, जिससे 3,500 से अधिक छात्रों को वस्त्र व परिधान कंपनियों में रोजगार मिला है।

**खास बातें**

- 3,500 से अधिक छात्रों को पढ़ाई के बाद वस्त्र व परिधान की अलग-अलग कंपनियों में रोजगार मिला
- अमेरिकी शुल्कों की चुनौतियों के बावजूद भारत का वस्त्र उद्योग का निरंतर आगे बढ़ने की पूरी संभावना

**वस्त्र उद्योग में हर स्तर पर कुशल युवाओं की आवश्यकता होगी**

मुख्य अतिथि अशोक मल्होत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि अमेरिकी शुल्कों की चुनौतियों के बावजूद भारत का वस्त्र उद्योग आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि सरकार नए बाजार तलाश रही है और आवश्यक कदम उठा रही है। इस संभावित वृद्धि के लिए हर स्तर पर कुशल युवाओं की आवश्यकता होगी। उन्होंने निट्रा के प्रशिक्षित छात्रों की सफलता की सराहना की। चेयरमैन विदित जैन ने वस्त्र उद्योग को कृषि के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता क्षेत्र बताया, जो लगभग 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार देता है। उन्होंने डिजिटल टेक्सटाइल तकनीक और स्वरोजगार के नए अवसरों पर जोर दिया, जो युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रहे हैं। डिप्टी चेयरमैन संदीप होरा ने




डिस्टेंस लर्निंग कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ये कोर्स कार्यरत पेशेवरों के लिए अत्यंत सहायक हैं। वाइस चेयरमैन नितिन नोलखा ने जानकारी दी कि शाही एक्सपोर्ट्स, पर्ल अपैरल्स, ब्लैकबेरीज़ और इंटरटेक जैसी प्रमुख कंपनियाँ नियमित रूप से निट्रा के छात्रों को रोजगार प्रदान करती हैं। कार्यक्रम का समापन निट्रा के उपनिदेशक विवेक अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 119वीं जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद/गाजियाबाद

शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 119वीं जयंती के अवसर पर हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री एवं बडखल से विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने समाज के विभिन्न वर्गों एवं भाजपा परिवार के सदस्यों के साथ शहीद भगत सिंह चौक एनआईटी-5 गोल चक्कर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंहए राजगुरू और सुखदेव की प्रतिमा को साफ-सफाई कर दूध से स्नान करने के पश्चात श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर सभी साथियों ने दो मिनट का मौन रखकर याद किया।

**जलियांवाला बाग हत्याकांड ने भगत सिंह की सोच पर गहरा प्रभाव डाला**

इस अवसर पर सीमा त्रिखा ने कहा कि शहीद भगत सिंह जी का जन्म 27 सितंबर 1907 को पंजाब के लायलपुर वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित स्थान पर एक किसान परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम सरदार किशन सिंह और माता का नाम विद्यावती कौर था। यह एक किसान परिवार से थे। अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड ने भगत सिंह की सोच पर गहरा प्रभाव डाला था। लाहौर के नेशनल कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर भगत सिंह ने भारत की आजादी के लिए नौजवान भारत सभा की स्थापना की थी।

**भगत सिंह के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला**



गाजियाबाद में भी अंग्रेजों के छक्के छुड़ा देने वाले महान क्रांतिकारी और भारत मां के सच्चे सपूत शहीद - ए - आजम सरदार भगत सिंह जी को उनके जन्म दिन पर कांग्रेसजनों ने याद किया और उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सरदार भगत सिंह जन्म जयंती कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला। कहा कि भारत मां के सच्चे सपूत महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह ने अंग्रेजो को नाकों चने चबा दिए। उन्होंने अपने जीवन को बलिदान कर दिया लेकिन क्रूर अंग्रेजों के आगे झुके नहीं। ये देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

## बुनियादी प्रशिक्षण शिविर में युवा कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद में आयोजित हो रहे युवा कांग्रेस के बुनियादी ट्रेनिंग कैंप में शनिवार को भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरू जी व राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने और गांव-गांव स्तर पर काम करने के लिए जोर किया।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। सभी को संगठन को अपने से ऊपर रख कर काम करना चाहिए। युवा कांग्रेस के ऑनलाइन एप के बारे में भी जानकारी दी गई। इसमें लोगों की जानकारी भरने के बारे में भी बताया गया। इसका इस्तेमाल कैसे करें और कैसे इसे सफल बनाया जा सकता है इसके बारे में भी बताया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेसियों को जमीन स्तर पर कैसे काम करना है बताया। सामाजिक संगठनों और पंचायत से समन्वय बिठाकर उनके साथ काम करने के बारे में कहा गया। युवा कांग्रेस में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भी कहा गया। कृष्णा अल्लावरु ने संगठन की मजबूती से लेकर और युवा कांग्रेस की आगे की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कैसे इसे मजबूत किया जा सकता है। आगे बढ़ाया जा सकता है, इसके लिए काम करने के लिए कहा।

इस अवसर पर हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रभारी सत्यवान गहलोत और युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने भी संबोधित किया।

## अपराध शाखा सेक्टर-30 व सेंट्रल की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

# अलग-अलग मुठभेड़ में चार आरोपी काबू रंगदारी व हत्या के प्रयास के मामले थे वांछित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-30 व सेंट्रल की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मुठभेड़ में चार आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध-2 वरूण दहिया ने बताया कि 27 सितम्बर को सुबह करीब 4 बजे अपराध शाखा सेक्टर-30 व सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए पाली सूरजकुंड रोड पर बाइक सवार आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, जिस पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी शशिकांत के पैर में गोली लगी। पुलिस टीम ने शशिकांत व दूसरे आरोपी रोहित को काबू किया। शशिकांत को इलाज के लिए अस्पताल दाखिल करवाया गया। आरोपियों द्वारा करीब 10-12 रोंद फायर किए। मौका से दो पिस्टल व एक बाइक बरामद हुई।

**पुलिस टीम पर फायर किया**



उन्होंने बताया कि रोहित से पूछताछ में सामने आया कि उनके अन्य साथी कमल भडाना व गोलू एक अन्य वारदात करने के लिए उनका इंतजार कर रहे है, जिस पर अपराध शाखा सेक्टर-30 प्रभारी, अपनी टीम व आरोपी को साथ लेकर बड़खल-पाली रोड नजदीक सैनिक कॉलोनी पहुंचे, जहां पर दो व्यक्ति बाइक पर दिखाई दिए, जो पुलिस टीम के देख कर भागने लगे। पीछा किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायर किया। जवाबी कार्रवाई में कमल भडाना के पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौका पर कमल भडाना व मनीष को काबू किया व चार रोंद बरामद हुए। उन्होंने और अधिक जानकारी देते हुए बताया कि माह अप्रैल में आरोपियों द्वारा न्यू जनता कॉलोनी के एक कपडा कारोबारी से रंगदारी मांगने की वारदात को अंजाम दिया था तथा सितम्बर माह में गाजीपुर रोड डबुआ कॉलोनी के एक घर में घुस कर फायर किया था तथा एक बुजुर्ग महिला को हथौड़ा मार कर घायल किया था। जिसमें आरोपीगण वांछित चल रहे थे। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि अपनी दहशत फैलाने के लिए ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे थे आज भी बडी वारदात को अंजाम को देना था।

**कमल पर 15, शशिकांत पर 6 व मनीष पर 4 मामले दर्ज**

अपराधिक रिकॉर्ड अनुसार कमल पर 15 मामले, शशिकांत पर 6 मामले व मनीष पर 4 मामले दर्ज है। कमल नवम्बर 2024 व शशिकांत अप्रैल 2024 में जेल से बाहर आये है सभी आरोपी एक फिरौती व एक हत्या के प्रयास के मामले में वांछित थे। दोनों घायल अस्पताल में दाखिल है जिमकी स्थिति सामान्य है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड़, शकूरबस्ती, दिल्ली–56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण शकूरबस्ती, के अधीन गढ़ी हरसरू में वाई–कनेक्शन से सम्बन्धित पी.वे लिंकिंग और अन्य संबद्ध कार्य जैसे कि बी.जी. रेलवे ट्रैक पॉइंट्स और क्रॉसिंग ट्रैप्स को बिछाना, जोड़ना और हटाना पी.वे सामग्री और पीआरसी स्लीपर्स की लीडिंग एटी. वेल्डिंग इन–सीटू ग्लूड जोड़ों के साथ तोड़ना और जोड़ना। |
| अनुमानित लागत | रू 2.86 करोड़ |
| धरोहर राशि | रू 292900.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधी | स्वीकृति पत्र जारी होने के 09 माह के अन्दर। |
| रेलवे की वैब साईट पर निविदा की बिक्री एवं उपलब्धता | निविदा दस्तावेज दिनांक 10.10.2025 से 24.10.2025 तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदा कर्ता दिनांक 10.10.2025 से 24.10.2025 समय 11.30 वैब साईट से अपलोड कर सकते हैं। |
| निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 24.10.2025 को 11:30 तक |

संख्या : 423–एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांक : 26.09.2025 2994/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# तेज रफ्तार थॉर के डिवाइडर से टकराने से तीन युवतियों सहित 5 की मौत, 1 गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दिल्ली-जयपुर हाईवे पर शनिवार की सुबह करीब 4.30 बजे तेज रफ्तार थॉर के डिवाइडर से टकराने पर थॉर में सवार तीन युवतियों सहित पांच की मौत हो गई। जबकि एक युवक अस्पताल में भर्ती है। जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी युवक-युवतियां नोएडा से गुरुग्राम एक क्लब में मौज मस्ती करने के लिए आए थे। सूचना मिलते ही सेक्टर-40 थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से थॉर गाड़ी को हटवाया। पुलिस ने शवों को पोस्मार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। जानकारी अनुसार शुक्रवार की रात को नोएडा से आदित्य प्रताप सिंह, गौतम, प्रतिष्ठा मिश्रा, लावण्या, अदिति सोनी व कपिल शर्मा एक थॉर गाड़ी में सवार होकर गुरुग्राम के सिग्नेचर टॉवर स्थित इबोला क्लब में आए थे और नशे की हालत में गाड़ी लेकर सुबह करीब 4.12 पर क्लब से वापिस नोएडा के लिए निकल पड़े। करीब साढ़े चार बजे दिल्ली-जयपुर हाईवे (एनएच-48) पर एग्जिट पॉइंट-9 पर तेज रफ्तार थॉर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में आदित्य प्रताप सिंह, गौतम, प्रतिष्ठा मिश्रा, लावण्या और अदिति सोनी की मौत हो गई। जबकि कपिल शर्मा अस्पताल में उपचाराधीन है, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

**लॉ की छात्रा थीं दो युवतियां**



हादसे में मरने वालों में रायबरेली की प्रतिष्ठा मिश्रा और आगरा की लावण्या ग्रेटर नोएडा के लॉयड लॉ कॉलेज में एलएलबी द्वितीय वर्ष में पढ़ रही थीं और कॉलेज के ही हॉस्टल में रहती थीं।

**सीसीटीवी की फुटेज की जांच की जाएगी**

इबोला क्लब के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जाएगी कि हादसे का शिकार हुए युवाओं ने शराब का सेवन किया था या नहीं और वे किस समय क्लब में आए थे। शनिवार की शाम को पांचों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

-इंस्पेक्टर ललित सिंह, थाना प्रभारी, सेक्टर -40

## अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार

### 2 आरोपी गिरफ्तार, 1 देसी पिस्टल व 1 देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस क्राईम ब्रांच की टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार कर 1 देसी पिस्टल व 1 देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने अनिकेत निवासी जाखड मोहल्ला गांव मुजेसर फरीदाबाद को शमशान घाट गांव मुजेसर फरीदाबाद के पास से 1 देसी पिस्टल सहित व क्राइम ब्रांच सेंट्रल ने हार्दिक निवासी कुंदन कॉलोनी फरीदाबाद को सेक्टर-64 फरीदाबाद के पास से 1 देसी कट्टा व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. उमर** पुत्र **मो. इजाज** पता: **मकान नं. सी–140, गली नं. 9/3, कनिजा वाली गली, शिव मंदिर मार्ग, मौजपुर जाफराबाद, दिल्ली** ने case **FIR No. 153/2019 U/s 498-A/406/323/506/341/34 IPC, थाना: जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. उमर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. उमर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपनेआप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 153/2019 U/s 498-A/406/323/506/341/34 IPC, थाना: जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. उमर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि बाला
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–03
रूम नं. 08, शाहदरा
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12826/NE/2025 (Court Matter)

# पेज एक का शेष

## अपने नेता को ...

कुछ लोग अपने घरों तक नहीं लौट पाए। ऐसी ही मौत की कहानी शनिवार को तमिलनाडु के करूर में दोहरा गई। वहां एक्टर विजय की टीवीके (टीम विजय कझगम) रैली में भारी भीड़ के कारण अफरा-तफरी मच गई। भगदड़ मच गई और कई कार्यकर्ता बेहोश हो गए। कई का दम घुट गया। कई पैरों के नीचे कुचले गए। दौड़ती हुई भीड़ अपने ही बगल में नीचे पड़े लोगों को रौंदती चली गई। इन कुचले और दम तोड़ते लोगों को बड़ी मुश्किल से अस्पताल पहुंचाया जा सका। क्योंकि, एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल सका। मरने वालों में 8 मासूम बच्चे हैं। 16 महिलाएं हैं। इन महिलाओं की मौत ऐसे वक्त में हुई, जब पूरा देश मां दुर्गा की शक्ति की उपासना में लगा हुआ है और रविवार को देश बिटिया दिवस भी मनाएगा।

**तमिलनाडु सीएम ने जांच के आदेश दिए:** -तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि करूर से जो खबरें आ रही हैं, वे चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि मैंने निर्देश दिए हैं कि भीड़ में फंसे और बेहोश होने वाले लोगों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कर उनकी मेडिकल मदद की जाए। मैंने इस बारे में पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी, मंत्री सुब्रमणियन एमए और जिला कलेक्टर से बात की है। भगदड़ किन कारणों से हुई, इसके जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## इस कठिन वक्त ....

के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## विजय के भाषण ....

कहा कि तमिलनाडु की राजनीति में अगले छह महीनों में सत्ता बदल जाएगी। यह रैली विजय के 2026 विधानसभा चुनावों से पहले पूरे राज्य में चल रहे अभियान का हिस्सा थी।

## 'अगर जलकर खाक...

भाषण को बेतुकी ड्रामेबाजी करार दिया और कहा कि उनके दावे के हिसाब से अगर जलकर राख बन चुके रनवे और हैंगर ही जीत का प्रमाण हैं तो पाकिस्तान को उनका आनंद लेने की पूरी छूट है। हकीकत में तो भारतीय वायुसेना ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल दागकर पाकिस्तान के बहावलपुर और मुरीदके में मौजूद कई महत्वपूर्ण एयरबेस के हैंगर (लड़ाकू विमानों सहित), रनवे, सैन्य प्रतिष्ठानों व आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। पाकिस्तान आतंकवाद का निर्यातक है, आतंकवाद उसकी विदेश नीति के केंद्र में है। यहां बता दें कि पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यूएनजीए सत्र में अपना भाषण बीते शुक्रवार को दिया था। जिसका पेटल गहलोत ने भारत के जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए 27 सितंबर को जवाब दिया है।

**परमाणु धमकी से नहीं डरेगा भारत:** गहलोत ने यूएनजीए में मांग की कि पाकिस्तान को तुरंत उसके देश की धरती पर मौजूद तमाम आतंकवादियों के शिविरों को बंद करना चाहिए और भारत के वांछित आतंकियों को उसे सौंपना चाहिए। भारत आतंकवादियों और उनके मददगार संरक्षकों को हर हाल में जवाबदेह ठहराएगा। जिसमें कोई परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी भी आड़े नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि ये वही पाकिस्तान है, जिसने करीब दस वर्षों तक आतंकी ओसामा बिन लादेन को शरण दी। जबकि दूसरी ओर वह आतंकवाद के मामले में सहयोगी होने का झूठा चोला ओढ़े नाटक करता रहा। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष 26 पर्यटकों की बर्बरता से हत्या करने वाला पाकिस्तान इसमें शामिल रहे द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का असल संरक्षक है। यह लश्कर-ए-तैयबा का एक मुखौटा आतंकी संगठन है। जिसे यूएनएससी ने 25 अप्रैल को हुई अपनी बैठक में उक्त आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार ठहराने से बचाया था। पाक के कई मंत्रियों द्वारा दिए गए बयान इस बात की तस्दीक करते हैं कि पाक लंबे वक्त से आतंकी शिविर चलाता है।

## पाक के गिड़गिड़ाने ....

देश के हस्तक्षेप की कभी कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने पाकिस्तानी पीएम के ऑपरेशन सिंदूर में किए गए जीत के दावे और भारत को अक्सर दी जाने वाली धमकियों को खारिज करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना द्वारा 10 मई को पाकिस्तान के कई एयरबेस को मलबे में तब्दील करने के बाद उसका मुंह पूरी तरह से बंद हो गया है। 7 से 10 मई के दरमियान दोनों देशों के बीच जो कुछ भी हुआ यानी पाकिस्तान जहां 9 मई तक भारत को केवल धमकी देने में लगा रहा। वहीं, भारत था जिसने 10 मई को पाकिस्तान के कई महत्वपूर्ण एयरबेसों पर ताबड़तोड़ हमले करके उन्हें पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। ऐसे में नुकसान से जुड़ी हुई तस्वीरें सार्वजनिक रूप से पूरे घटनाक्रम को स्पष्ट करने के लिए काफी हैं। पाकिस्तान भारत के सामने झुका और उसने संघर्षविराम करने की अपील की। जिसके बाद ये समझौता हुआ है। बीच में केवल भारतीय वायुसेना का एक्शन हुआ। जिसमें उसने पाक वायुसेना के अड्डों को तबाह कर दिया।

## मुद्दा कोई भी....

को लेकर अपने भीतर झांकने की आवश्यकता है। क्योंकि आतंकवाद पाकिस्तान की विदेश नीति के केंद्र में है।

## शहबाज ने ट्रंप....

भारत के साथ व्यापक, रचनात्मक व परिणाम आधारित वार्ता के लिए तैयार है। शरीफ ने 7 से 10 मई तक चले सैन्य संघर्ष को समाप्त कराने का श्रेय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देते हुए कहा कि उन्होंने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई थी। बताते चलें कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की संघर्षविराम को लेकर की गई ये टिप्पणी पूर्व में पाक के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार के उस बयान से बिलकुल भी मेल नहीं खाती है। जिसमें डार ने स्वीकार किया था कि भारत-पाक के बीच संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय था और उसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई दखलंदाजी नहीं रही।

## ऐसी पहली खिलाड़ी...

ग्रिनहैम और नाथन मैकक्वीन को 152-149 से हराया। महिला कंपाउंड ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता की जोड़ी को फाइनल में तुर्की से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। व्यक्तिगत फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहला राउंड 29-29 से बराबर रहा, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में लगातार तीन 10 मारते हुए बढ़त हासिल की और 30-27 से राउंड जीता।

## दुर्गा पंडाल में ....

मीडिया को संबोधित किया। त्रिवेदी ने कहा कि जहां एक तरफ पूरा देश शक्ति की आराधना के इस पर्व में श्रद्धा भाव से लगा है, वहीं इंडी गठबंधन के नेताओं के बहुत से दुर्भाव व संदिग्ध मनोभाव उभरकर सामने आ रहे हैं।

**बनर्जी पश्चिम बंगाल हार रहीं:** त्रिवेदी ने कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल गए थे और जिस पंडाल में उन्हें जाना था, वहां आसपास के क्षेत्रों से अमित शाह के पोस्टर अपमानजनक तरीके से हटा कर ममता बनर्जी के पोस्टर लगा दिए गए। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में हारने जा रही हैं - इससे उनके मन में जो छटपटाहट, ईर्ष्या और चिंता है, वह स्पष्ट दिख रही है।

**सनातन धर्म के नाश के लिए बिछा रहे लैंड माइंस:** भाजपा सांसद ने कहा कि कुछ दिन पूर्व कर्नाटक में विश्व प्रसिद्ध मैसूर दशहरे के उद्घाटन के समय देवी जी के मंदिर में कर्नाटक की सरकार ने पूजा-अर्चना 'बानू मुस्तफा' से कराई, वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक दुर्गा पंडाल में बहुत इबादत के साथ ताली बजाते हुए इस गाने का आनंद ले रही हैं कि 'जल्दी मुझे ले चलो, मेरे दिल में है काबा और मेरे मन में है मदीना'। हालांकि इसमें कोई बुराई नहीं है, किसी के भी दिल में काबा हो सकता है और नजर में मदीना हो सकता है। ममता बनर्जी के दिल में काबा और नजर में मदीना हो सकता है, राहुल गांधी के दिल में भी काबा और नजर में मदीना हो सकता है मगर समस्या यहां उत्पन्न होती है कि यह गाना नवरात्र के पावन पर्व पर दुर्गा पंडाल के भीतर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की उपस्थिति और उनके प्रोत्साहन के साथ क्यों गाया जा रहा है? क्या हिंदू धर्म की शक्ति से लड़ने या उस पर आघात करने के राहुल गांधी के संकल्प और इंडी गठबंधन के द्वारा सनातन धर्म के समूल नाश के लिए लैंड माइंस बिछाने की शुरुआत की जा रही है?

## पूजा अर्चना में ....

पर राम मंदिर नहीं गए, लेकिन बिना आमंत्रण के दुर्गा पंडाल में आकर काबा और मदीना की अकीदत अपने दिल से इजहार कर रहे हैं। ममता बनर्जी और राहुल गांधी उत्तर दें कि इस विषय पर उनकी पार्टी का असली मंतव्य क्या है?

## बिहार में शाह गरजे...

से आए और नौ जिलों से जुटे करीब पांच हजार कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और उन्हें पार्टी का असली मालिक बताया। करीब 20 मिनट के संबोधन में शाह निशाने पर घुसपैठिये के साथ लालू यादव और राहुल गांधी रहे, तो केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को भी उन्होंने कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। उन्होंने कहा विधान सभा का यह चुनाव बिहार से घुसपैठियों को खदेड़ने का है, एनडीए को बहुमत दिलाएं, घुसपैठियों को चुनचुन कर भगाएंगे। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा के यात्रा का उद्देश्य था कि घुसपैठिए जो बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल से आए हैं, उनको मत का अधिकार मिले। लालू यादव और राहुल गांधी घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं, मैं उन्हें निकालना चाहता हूं।

## झारखंड की जेलों के लिए 1778 पदों पर होगी भर्ती



**रांची।** झारखंड की जेलों को सुदृढ़ करने गृह, जेल व आपदा प्रबंधन विभाग में 1778 पदों पर नियुक्ति होगी। इनमें कक्षपाल के 1733 व सहायक कारापाल के 45 पद शामिल हैं। जेएसएससी ने इसके लिए आवेदन 7 नवंबर से 8 दिसंबर तक मांगे है। नियुक्ति के लिए पुरुषों को 1600 मीटर दौड़ 6 मिनट व महिलाओं को 10 मिनट में पूरी करनी होगी।

## गोरखपुर कांड का आरोपी जुबैर मुठभेड़ में ढेर

**रामपुर।** गोरखपुर में हुए बवाल के मामले में एक लाख रुपए का इनामी गो तस्कर पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया।



मुठभेड़ के दौरान फायरिंग में एक उप निरीक्षक समेत दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए जबकि दो गोलियां सीओ सिटी जितेंद्र सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगी हैं।

### स्वच्छ शहर जोड़ी पहल का शुभारंभ...

# प्रदेश के शहरों में स्वच्छता को लेकर होगा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/सोनीपत

प्रदेश के शहरों में अब स्वच्छता को लेकर मुकाबला होगा। करनाल और सोनीपत से शनिवार को एक नई पहल की शुरूआत हुई। करनाल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ शहर जोड़ी पहल का शुभारंभ हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहे। स्वच्छता मार्गदर्शन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। वहीं, सोनीपत में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल वीडियो कॉफ्रिंग के जरिए जुड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में स्वच्छ भारत मिशन शुरू कर उस सपने को साकार करने का कार्य आगे बढ़ाया है। वहीं, सीएम सैनी ने बताया कि शहरों को साफ व सुन्दर बनाने के लिए स्वच्छता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि करनाल और सोनीपत नगर निगम 5-5 छोटे शहरों को मार्गदर्शन और सहयोग देंगे। करनाल नगर निगम सीवन, ईस्माइलाबाद, कालांवाली, नारनौंद और राजौंद नगर पालिकाओं को मार्गदर्शन देगा। जबकि सोनीपत नगर निगम पटौदी, फरूखनगर, कुंडली, नारनौल और होडल नगर पालिकाओं को सहयोग करेगा।

**स्वच्छता प्रतियोगिता से शहर होंगे हरे-भरे**





**यह पहल देशभर में अग्रणी भूमिका निभाएगी**

**करनाल सोनीपत नगर निगम से योजना शुरू**

**सीएम बोले- अन्य शहरों को मिलेगा मार्गदर्शन**

### 72 मेंटर और 200 मेंटी शहरों की जोड़ी

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत देशभर में 72 मेंटर शहर और करीब 200 मेंटी शहर जोड़े गए हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को मेंटर बनाया गया है, जबकि सुधार की आवश्यकता वाले शहरों को मेंटी चुना गया है। यह चयन हाल ही में हुए स्वच्छ सर्वेक्षण के आधार पर किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल शहरी कचरा प्रबंधन क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा "सिटी-ट्विनिंग मॉडल" बनेगी।



विजय दशमी विशेष

# भारत की अमूल्य सांस्कृतिक चेतना की संवाहक रामलीला

सदियों से चली आ रही रामलीलाओं की परंपरा आज भी देश के कोने-कोने में अपनी पूरी भव्यता के साथ आयोजित की जाती है। देश ही नहीं विदेशों में भी रामलीलाओं के जरिए उच्च मानवीय मूल्यों का संवहन हो रहा है। वास्तव में रामलीला केवल पौराणिक कथा का मंचन नहीं, भारतीय जनमानस की सांस्कृतिक आस्था का अमूल्य धरोहर भी है।


कनाडा में आयोजित रामलीला का दृश्य


कंबोडिया में रामलीला का मंचन

आवरण कथा
नरेंद्र शर्मा

रामलीला महज एक धार्मिक नाट्य मंचन या लीला आयोजन भर नहीं है। बल्कि यह भारत की जीवित सांस्कृतिक आत्मा है और दुनिया भर में भारतीय मूल्यों की जीवंत राजदूत की भूमिका निभाती है। भारत के बाहर चाहे इंडोनेशिया हो, थाइलैंड हो, त्रिनिदाद हो या मॉरीशस या फिजी, जहां भी भारतीय पहुंचे हैं, वो अपने साथ रामलीला लेकर भी गए हैं।

**मानव मूल्यों का संदेशवाहक:** रामलीला में अध्यात्म, कला, संगीत, नृत्य, रंगमंच और लोकसंस्कृति सब समाहित होता है। यही कारण है कि साल 2008 में यूनेस्को ने रामलीला को विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया, जो दुनिया को भारतीय संस्कृति की अद्वितीय देन है। रामलीला का वृहत वैश्विक महत्व है, क्योंकि ये महज नाटक नहीं मानव मूल्यों का संदेशवाहक है। रामलीला सत्य, धर्म, न्याय, त्याग, भाईचारे और करुणा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों का वैश्विक दस्तावेज है। रामलीला के मूल्य सिर्फ हिंदू समाज या भारतभूमि तक सीमित नहीं हैं बल्कि ये समूची मानवता का पथ-प्रदर्शक है। दुनिया के अनेक देशों जैसे इंडोनेशिया, थाइलैंड, कंबोडिया, त्रिनिदाद, फिजी, सूरीनाम, मॉरीशस, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में रामलीलाओं का मंचन भारत में सांस्कृतिक ध्वजा की तरह लहराता है। यहां की स्थानीय बोली, गीत, वेशभूषा और कलात्मक शैली मिलकर इसे एक वैश्विक नाट्य परंपरा बनाते हैं।

**अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर:** रामलीला दुनिया की अमूल्य धरोहर इसलिए है, क्योंकि यह धर्म और संस्कृति को साझे लोकमंच में बदलती है। रामलीला में दर्शक और कलाकार के बीच कोई भेद नहीं रहता। कलाकार और कला के दर्शक दोनों एक ही भाव जगत में रहते हैं, इसलिए रामलीला भारत में पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक परंपरा और लोकसंस्कृति का संरक्षण करती है। आज दुनिया के मंच पर यह भारत की मजबूत पहचान है। दुनिया इस बात को स्वीकारती है कि भारत केवल तकनीकी और विज्ञान ही नहीं बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक मूल्य भी प्रदान करता है। इसलिए यूनेस्को ने रामलीला को 'इंटेजिबल कल्चर हेरिटेज ऑफ ह्यूमेनिटी' कहा है।

**लोककला-लोकआस्था का संगम:** रामलीला का मंचन केवल रामकथा का मंचन नहीं है बल्कि यह जीवन के सबसे संभावित आदर्श पाठों का मंचन होती है, जब हमारे बीच में ही साधारण लोग मजदूर, किसान, छात्र, युवा आदि राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान आदि का रूप धरकर रामकथा प्रस्तुत करते हैं तो यह धारणा प्रबल होती है कि सत्य और मूल्य किसी एक का नहीं बल्कि समूची मानवता का उनमें साझा है। रामलीला की महत्ता इस बात से भी है कि यह लोककला और लोकआस्था का अनोखा संगम है। मंच पर, मंच के नीचे और हर तरफ मौजूद लोग रामलीला के कलाकारों के साथ ही दोहे, भजन और चौपाइयां दोहराते हैं और फिर ढोल, नगाड़े और लोकनृत्यों में पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकार एक जीवंत कथा, उत्सव रचते हैं। इसलिए रामलीला को सामूहिक उत्सव कह सकते हैं। इसके कलाकार भी भाव-विभोर होते हैं। रामलीला का अस्तित्व सदियों से मौखिक परंपरा द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रहा है।


अयोध्या की भव्य रामलीला


वाराणसी के निकट रामनगर की रामलीला


**वैश्विक संरक्षण का हो रहा प्रयास:** विद्यालयों और महाविद्यालयों में रामलीला के मंचन को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है और इस सबका अब डिजिटल दस्तावेजीकरण भी हो रहा है, ताकि दुनिया में यह महान सांस्कृतिक परंपरा हमेशा के लिए बनी रहे। आज रामलीलाओं की डिजिटल रिकॉर्डिंग और डॉक्यूमेंट्री फॉर्म में विकसित की गई रामलीलाएं दुनिया भर में देखी जा रही और सराही जा रही हैं। आज यह पर्यटन और सांस्कृतिक महोत्सवों का हिस्सा हैं। जैसे वाराणसी की रामनगर की रामलीला, भारत की यह अमूल्य सांस्कृतिक विरासत आज पूरी दुनिया में अपनी भव्य पहचान रखती है।

आज अमेरिका के ह्यूस्टन में हर साल भव्य रामलीला का आयोजन होता है, जिसमें पूरी दुनिया के महत्वपूर्ण कलाकार हिस्सा लेते हैं और भारत की इस सांस्कृतिक परंपरा की खुशबू दुनिया के कोने-कोने तक फैलती है। रामलीला भारत की संवेदनशील विश्व धरोहर है। चूंकि यह निरा संस्कृति ही नहीं इसमें धार्मिक आस्थाओं के तार भी जुड़े हैं। इसलिए जरा भी उपेक्षा या अतिरिक्त व्यावसायिकता इसके मूल भाव को कमजोर कर सकती है। यही कारण है कि रामलीला के आयोजन में चाहे जितना धन खर्च कर दिया जाए, इसे पूर्णतः व्यावसायिक नहीं बनाया जाता या बनाया जा सकता, क्योंकि यह भारत की एक ऐसी परंपरा है, जिसमें लोक धर्म और लोक आस्था की जड़ें गहरे तक फैली हैं।

**व्यावसायिकता से है दूर:** रामलीला, हिंदू संस्कृति, अध्यात्म और भारतीय जीवन मूल्यों की प्रतिनिधि मानी जाती है। इसलिए इसमें पूर्णतः व्यावसायिक रंग नहीं आ सकते। धरोहर के रूप में इसका संरक्षण जरूरी है, लेकिन मनोरंजन के रूप में नहीं। इसलिए रामलीलाओं को आज भी व्यावसायिकता से बचाकर रखा जाता है। अयोध्या, वाराणसी, रामनगर, मथुरा, मध्य प्रदेश और बिहार से लेकर दक्षिण भारत तक रामलीलाओं की शैलियां अलग-अलग और स्थानिकता से ओतप्रोत हैं। लेकिन कभी भी किसी शैली को एक-दूसरे से सुधारने की कोशिश नहीं की जाती, न ही रामलीलाओं को मुंबई, चेन्नई या कोलकाता की व्यावसायिक सिने इंडस्ट्री के हवाले किया जाता है। आदर्श रामलीलाएं आज भी अयोध्या और वाराणसी में होती हैं और इनकी तुलना कोई मुंबई से नहीं करता क्योंकि रामलीला भारत की धार्मिक, आध्यात्मिक और संस्कृति का मंच है। किसी नाटक या फिल्म का नहीं, इसलिए रामलीलाओं पर आज भी लोक की भागीदारी ज्यादा और मजबूत रहती है। *

---

विशेषः गांधी जयंती, 2 अक्टूबर



गांधी किसी व्यक्ति का नहीं एक विचारधारा, एक जीवनदर्शन का नाम है। यही वजह है कि उनके जाने के दशकों बाद आज भी देश और विश्व के समक्ष उपस्थित कई गंभीर संकटों का हल उनके विचारों में पाया जा सकता है।

# देश-दुनिया के लिए आज भी कायम है गांधीजी की प्रासंगिकता

प्रासंगिकता
लोकमित्र गौतम

महात्मा गांधी 20वीं शताब्दी की एक ऐसी शख्सियत हुए हैं, जो अपने विलक्षण गुणों के कारण कभी विस्मृत नहीं किए जा सकेंगे। अपने न रहने के 78 सालों बाद आज भी एक दिन ऐसा नहीं होता, जब गांधी की प्रासंगिकता और जीवन में उनके किसी पहलू की अहमियत हमें रह-रहकर न याद आती हो। यकीन मानिए, महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आईंस्टीन ने सही कहा था कि एक ऐसा वक्त आएगा, जब दुनिया के लोग अचंभा करेंगे कि गांधी जैसा कोई चलता-फिरता शख्स भी इस दुनिया में हुआ था। गांधी की यही विराट प्रासंगिकता है, जो उन्हें हर पल हम सभी को याद आती है।

**युवाओं के मार्गदर्शकः** अगर हम आज की इस बेहद रफ्तार भरी या कहें कि अंधी दौड़ में उलझी दुनिया में युवाओं के लिए सोचें कि वे गांधी से क्या सबक सीख सकते हैं, तो यकीन मानिए क्वांटम तकनीक के पास उतनी संभावनाएं नहीं हैं, जितनी संभावनाएं गांधी के जीवनदर्शन में युवाओं के सीखने के लिए हैं। 21वीं सदी का परिदृश्य अनुमान से कहीं ज्यादा तेजी से बदला है। विज्ञान और तकनीक ने जीवन को जो असाधारण गति दी है, शायद कभी इंसान ने कल्पना भी न की होगी। इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स और सोशल मीडिया का क्लाउड यह सब ऐसी चकाचौंध है, जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। लेकिन फिर भी इंसान सुखी नहीं है। न युवा, न अधेड़ और न ही किशोरों की जिंदगी में किसी तरह का सुख, सुखद उम्मीदें और स्थायित्व है। शायद यही इस प्रगति की सबसे बड़ी खामी है। प्रगति की इस अंधी दौड़ में सब कुछ पाने की धुन में सब कुछ बिखरा-बिखरा है। आज चाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इंसानी क्षमताओं को कितना भी विस्तार दिया हो, लेकिन यह एहसास एक क्षण को भी नहीं भूलता कि हमारी सारी उपलब्धियां मशीनी नहीं तो क्या हैं? जब तक इंसान को किसी भी क्षेत्र में दिली संतुष्टि न हो तो किसी भी उपलब्धि का क्या अर्थ है? आज की प्रगति के साथ यही है और ऐसे ही समय में महात्मा गांधी का जीवनदर्शन आज की पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनने की पूरी संभावनाएं रखता है। कुछ लोगों ने महात्मा गांधी को तकनीक विरोधी साबित करने की कोशिश की, पर वह ऐसे नहीं थे। वह दुनिया की हर उपलब्धि, हर चाहत, हर जरूरत को इंसान के केंद्र में रखने के पक्षधर थे। वह किसी भी उपलब्धि को इंसान होने की भव्यता और विशिष्टता से परे नहीं मानते थे। गांधीजी स्पष्ट तौर पर मानते थे कि कोई साधन तभी सार्थक है, जब वह समाज के अंतिम व्यक्ति को भी उपलब्ध हो या उससे वह लाभ ले सके। अगर गहराई से देखें तो यह तकनीक का सर्वाधिक लोकतंत्रीकरण करना है। आज जब तकनीक का बड़ा हिस्सा केवल अमीर देशों और कॉर्पोरेट कंपनियों के हाथों में केंद्रित है, तब युवा, गांधी दर्शन से प्रेरणा ले सकते हैं कि तकनीक की उन्नति का तभी कोई अर्थ है, जब वह समाज में अंतिम व्यक्ति के लिए भी उपलब्ध हो।



**देते हैं पर्यावरण संरक्षण की सीखः** आज की तकनीकी क्रांति ने हमारे पर्यावरण को बहुत गहरे तक प्रभावित किया है। ई-कचरा, कार्बन उत्सर्जन और बेतहाशा उपभोग आज की सबसे बड़ी समस्या है। प्रकृति के असंतुलन का सबसे बड़ा कारण यही है। ऐसे में युवाओं को सीखना होगा कि तकनीक का प्रयोग पर्यावरण, संवेदनशील ढंग से हो। ग्रीन एनर्जी आधारित इनोवेशन आज गांधीगीरी का ही रूप है और ई-कचरे का जितना ज्यादा रि-साइकिलिंग हो, अच्छा है। इसे सादा जीवन और प्रकृति के साथ संतुलन बनाने की कोशिश ही समझना चाहिए। आज हम इस 2025 में अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा तकनीकी रूप से समृद्ध हैं, लेकिन मानवीय दृष्टि और नैतिकता की हमें नितांत जरूरत है। यह हम तभी हासिल कर सकते हैं, जब आज के वैज्ञानिक और तकनीकी जीवन को गांधी जी की अंतर्दृष्टि से देखें। आज का दौर अपग्रेड कल्चर का भी है, लेकिन कल्चर में अपग्रेड होने के नाम पर हो क्या रहा है? हम नया फोन बदल रहे हैं, नए एप्स से जुड़ रहे हैं, नई कारें खरीद रहे हैं और



अंततः उपभोग की नई कोशिशें कर रहे हैं। हम सब जानते हैं कि गांधीजी ने कहा था, 'पृथ्वी सबकी जरूरतें तो पूरी कर सकती है, लेकिन किसी एक के लालच के सामने भी यह कम पड़ेगी।' जरा सोचिए, किसी एक की जगह जब पूरी दुनिया ही अपने लालच में डूब गई हो तो भला यह धरती कैसे उसकी जरूरतें पूरी कर सकती है।

जलवायु संकट, पर्यावरण विनाश दुनिया में उपभोग के कचरों के ढेर, ये एक नहीं इस दौर में अधिकतम लोगों के लालच की निशानियां हैं। अगर दुनिया को सुरक्षित रखना है, दुनिया को जीने लायक बनाए रखना है तो इस लालच से दूर रहना होगा और गांधी दर्शन ही काम आएगा कि हम जीवन जीने के लिए चीजों को एकत्र करें, चीजों को जुटाने के लिए न जीएं। *

---

पर्वोत्सव / वीरेंद्र बहादुर सिंह

# आसुरी वृत्तियों पर सत्य-धर्म के विजय का उत्सव दशहरा

गीता के अध्याय 18/श्लोक 78 में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है-

यत्र योगेश्वरः कृष्णो, यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीः विजयोभूति, ध्रुवा नीतिः मतिः मम।।

कहने का अर्थ है कि जहां योगेश्वर श्रीकृष्ण हैं और जहां धनुर्धर पार्थ (अर्जुन) हैं, वहां विजय है। वहां लक्ष्मी हैं, कल्याण है और शाश्वत नीति है- ऐसा मेरा मत है।

योगेश्वर कृष्ण का अर्थ है ईश्वरीय कृपा और धनुर्धर पार्थ का अर्थ है मानव प्रयास। जहां ये दोनों मिलते हैं, वहीं विजय का नाद सुनाई देता है। यही निर्विवाद सत्य है। वास्तव में दशहरा, इसी भक्तिभाव और शक्ति के समन्वय का उत्सव है। नवरात्र में नौ दिन तक मां जगदंबा की उपासना कर शक्ति प्राप्त करने के बाद विजय की आकांक्षा जागना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से दशहरा विजय-प्रस्थान का उत्सव है।

**विजय प्रस्थान का प्रतीक पर्व:** व्यक्ति और समाज की रगों में वीरता का संचार हो, इसके लिए दशहरा मनाया जाता है। शत्रु की दुष्टता को दबाने का यह उत्सव है। भगवान श्रीरामचंद्र के समय से ही यह दिन विजय-प्रस्थान का प्रतीक बना। प्रभु श्रीरामचंद्र ने रावण का संहार करके इसी दिन विजय प्राप्त किया था। छत्रपति शिवाजी ने भी औरंगजेब को परास्त करने और हिंदू धर्म की रक्षा करने हेतु इसी दिन प्रस्थान किया था। इतिहास में अनेक उदाहरण हैं, जब हिंदू राजाओं ने इसी दिन विजय-प्रस्थान किया।



**प्रचलित पौराणिक कथा:** कथानुसार एक बार रघुराज ने कुबेर देवता को, जो सदैव धन संचय में लगे रहते थे, इसकी सीमा उल्लंघन के प्रति आगाह किया। भयभीत होकर कुबेर ने विजय दशमी की तिथि पर शमी वृक्ष पर स्वर्ण मुद्राओं की वर्षा की। इसके एवज में शमी वृक्ष ने उन्हें असीम वैभव का वरदान दिया। तभी से दशहरे पर शमी वृक्ष की पूजा की जाने लगी। पांडवों ने अपने वनवास के अज्ञातवास में अपने दिव्य शस्त्र शमी वृक्ष पर छुपा रखे थे। इसलिए भी इसका महत्त्व है। इसी कारण दशहरा शस्त्र-पूजन का पारंपरिक दिन माना जाता है। विजय दिलाने वाले शस्त्र ही हैं, इसलिए शस्त्र-पूजन द्वारा इस भाव को व्यक्त किया जाता है।


**अंतःशत्रुओं से रहें सजग:** जिस तरह हमारे चारों ओर नकारात्मकता से भरपूर बाहरी शत्रु होते हैं, वैसे ही हमारे भीतर भी कई शत्रु छुपे होते हैं, जिन पर हम अकसर ध्यान ही नहीं देते हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर, ये मानव मात्र के षडरिपु हैं। विजयादशमी के इस शुभ दिन संकल्पित होकर इन शत्रुओं को परास्त करने के लिए अग्रसर होना चाहिए। इनके अलावा आलस्य भी मनुष्य का एक बड़ा शत्रु माना गया है। इसके बारे में कहा गया है-

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महारिपुः यानी, आलस्य मनुष्य के शरीर में स्थित महान शत्रु है। जीवन में प्रगति और विजय पाने के लिए उक्त छह दुर्गुणों के अलावा दृढ़ संकल्प से इस स्थायी शत्रु पर काबू पाना भी आवश्यक है।

**नैतिक मूल्यों की स्थापना का लें संकल्प:** आज समाज में नैतिक मूल्यों पर संकट मंडरा रहे हैं। लगता है समाज की भव्य संस्कृति, अपने अवसान की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में सदाचारी और सत्यपथ पर चलने वाले व्यक्ति चुपचाप कैसे बैठ सकते हैं? बढ़ती हुई आसुरी वृत्तियों को यथाशक्ति रोकने का प्रयास हम सभी जरूर करें। योगेश्वर और संपूर्ण ब्रह्मांड की सकारात्मक शक्ति मेरे साथ है, मैं आसुरी वृत्तियों को मिटाने में स्वयं को समर्पित कर दूंगा, दशहरे पर यही दृढ़ संकल्प हमें करना चाहिए।

सार रूप में कह सकते हैं कि दशहरे का पर्व, समाज में फैली दीनता, हीनता, लाचारी के साथ-साथ अनैतिकता, भ्रष्टाचार और भोग वृत्ति जैसे मानवीय दुर्गुणों को नष्ट करने का संकल्प लेने का दिन है। वीरता का वैभव, शौर्य का श्रृंगार, पराक्रम और शस्त्रों की पूजा- यही दशहरा का निहित संदेश है। वास्तव में दशहरा भक्ति और शक्ति का पवित्र मिलन का पर्व है। *

---



गजल
गोविंद सेन


## सच्चा लगता है

सच बतलाना क्या लगता है
मेरा कुछ अच्छा लगता है
ऊपर से देखा है उसको
भीतर कुछ बदला लगता है
लगता है थोड़ा सा सीधा
थोड़ा सा उल्टा लगता है
बचकानी है उसकी बातें
पचपन में बच्चा लगता है
माना हमने कड़वा है वो
पर बिल्कुल सच्चा लगता है

---

लघुकथाएं

## कन्या पूजन



हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रभुदयाल जी के घर पर नवरात्र हवन, कन्या पूजन का आयोजन चल रहा था। अचानक बाहर सड़क का शोर सुनकर वह उठकर भागते हुए बाहर चले गए। कन्या पूजन और हवन की समाप्त होने के बाद घर लौटकर आए। पंडित जी और घर वाले नाराज होकर बोले, 'आपको इस तरह हवन, कन्या पूजन छोड़कर नहीं जाना था। यह दुनिया है, यहां कुछ न कुछ तो होता ही रहता है। इसका यह मतलब नहीं है कि पूजा-पाठ छोड़कर चल दो, यह गलत बात है।' प्रभुदयाल जी ने बताया, 'बाहर एक कन्या को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। मैं उसको लेकर तुरंत अस्पताल चला गया। उसके होश आने पर ही वापस आया हूं। मेरे लिए तो यह कार्य हवन, कन्या पूजन और कन्या भोज से कम नहीं था।' पंडित जी दक्षिणा आदि लेकर चले गए, लेकिन कुछ ही देर बाद वापस लौटे आए। पश्चाताप के आंसू लिए प्रभुदयाल जी से बोले, 'जिस कन्या की आपने मदद की है, वो मेरी ही कन्या है। घर से भागकर जब मैं अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टर ने बताया कि प्रभुदयाल जी अगर सही समय पर आपकी बेटी को लेकर नहीं आते तो इसकी जान जा सकती थी। आपका यह मदद करने का जज्बा मेरे लिए आज एक 'दिव्य उपहार' है। आप जैसे लोग देवदूत होते हैं।' पंडित जी एक पल ठहर कर आगे बोले, 'आप सही हैं प्रभुदयाल जी, किसी प्रकार की भक्ति, साधना, अभिषेक, हवन और कन्या पूजन से भी बड़ी है करुणा। यही शक्ति सेवा है। आपको यह नवदुर्गा, नवरात्र क्या, जीवनभर की नवदुर्गा, नवरात्र का हवन, कन्या पूजन और कन्या भोज का पुण्य आज ही मिल गया। ईश्वर आपको दीर्घायु दें।' *

-चंद्रप्रकाश डाले

## भीख का स्वाद



बैसाखी के सहारे चलकर, अपने कंधे पर दो भारी थैले लादकर वह अपनी झोपड़ी में आ गया। उसका चेहरा निस्तेज था। लेकिन उसकी आहट से सतर्क हुई मां ने लपक कर उससे थैला छीन लिया। रद्दी अखबार फैला कर खाद्य सामग्री उत्सुकता से देखने लगी। खाद्य सामग्री देखकर वह खुश हो गई, बोली, 'आहा! आज तो खाने के लिए खूब माल मिला है। दो दिन तक अपना काम चल जाएगा। आ.. आजा.. खा ले। पर सुन, तेरे चेहरे पर इतनी मुर्दनगी क्यों छाई हुई है?'

उसने बैसाखी एक तरफ रख दी। मां-बेटे इत्मीनान से भूख मिटाने लगे।

'बढ़िया स्वाद है ना।' मां पूड़ी चबाते हुए बोली।

'हां, मां, लेकिन है तो यह भीख ही।' उसने उदास स्वर में लड़के ने मां को जवाब दिया। *

-पूनम पांडे

---

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## मधुर स्मृतियों का कोलाज

संस्मरणों पर साहित्यिक पत्रिकाओं के विशेषांक कम ही निकलते हैं। इस पर भी 'निकट-42 (संस्मरण विशेषांक)' इस मायने में विशिष्ट है कि इसमें साहित्यिक विभूतियों या नामचीन हस्तियों के बजाय साधारण लोगों पर लिखे गए असाधारण संस्मरणों को संजोया गया है। वरिष्ठ कथाकार अमरीक सिंह दीप ने अपने संस्मरण में ग्रामीण इलाके की पहली यात्रा से जुड़ी अनुभूतियों को बयां किया है तो लता शर्मा ने अपने संस्मरण में एक ऑटो वाले के आत्मीय स्नेह को याद किया है। अपूर्व जोशी ने अपनी मां के विराट व्यक्तित्व को शब्दांकित किया है तो आरती आस्था ने अपने कार्यस्थल पर होने वाले वैचारिक संघर्ष की स्मृतियों को पूरी बेबाकी से बयां किया है। बीरबल नामक घोड़े पर पारुल तोमर ने बहुत मार्मिक संस्मरण लिखा है। शेष संस्मरणों में व्यंकटरमण, धनंजय सिंह, रजनी गुप्त, मनीष वैद्य, अमिता दुबे और पंकज सुबीर के संस्मरण भी विशेष रूप से पठनीय हैं। कहने की जरूरत नहीं मधुर स्मृतियों का यह शाब्दिक कोलाज, पठनीय ही नहीं संग्रहणीय भी है। *




**पत्रिका:** निकट-42 (सितंबर-दिसंबर 2025 अंक-संस्मरण विशेषांक), **संपादक:** कृष्ण बिहारी, **मूल्य:** 50 रुपए

हरियाणा सरकार

उत्पादकता एंव सामाजिक न्याय
Productivity with Social Justice
LABOUR DEPARTMENT, HARYANA
श्रम विभाग, हरियाणा
शान्ति, सामंजस्य एवं सुरक्षा
Peace, Harmony and Safety

श्रमेव जयते !

"भारत को एक बार फिर सबसे तेजी से विकास कर रहे देशों में से एक बनाने का बहुत बड़ा श्रेय हमारे श्रमिकों को ही जाता है।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# श्रमिक सम्मान एवं जागरुकता समारोह

विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ वितरण

## राज्य स्तरीय समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता

**श्री अनिल विज**
श्रम मंत्री, हरियाणा

विशिष्ट अतिथि

**राव इंद्रजीत सिंह**
केंद्रीय राज्य मंत्री, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन तथा योजना (स्व.प्र.)

**राव नरबीर सिंह**
उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, हरियाणा

## Live Launch

- श्रमिक साथी मोबाइल App
- Auto Approval of work time exemption सुविधा
- UPI & QR code से food canteen payment की सुविधा

**28 सितम्बर, 2025 | दोपहर 3 बजे**

**ऑडिटोरियम, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम**

कार्यक्रम से Live जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

## लाभ तथा पुरस्कार वितरण

- 37 हजार लाभार्थियों को ₹26 करोड़ का वितरण
- 51 सिलिकोसिस लाभार्थियों को ₹2.55 करोड़ का वितरण
- श्रम रत्न पुरस्कार, श्रम भूषण पुरस्कार, श्रम वीरांगना पुरस्कार तथा श्रम वीर पुरस्कार
- 20 प्रबंधकों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण पुरस्कार

## नयी घोषणाएं

Ÿ 5 अत्याधुनिक श्रमिक सुविधा केन्द्र।

Ÿ छंटनीग्रस्त लोगों के लिए reskilling एवं सहायता पोर्टल।

Ÿ 150 श्रमिक शैड का निर्माण।

Ÿ विभिन्न labour कानूनों के अन्दर single registration and single license की सुविधा

Ÿ Motor transport workmen एक्ट में Auto renewal

Ÿ 20 से कम श्रमिकों वाले प्रतिष्ठान को दुकान एवं स्थापना अधिनियम एक्ट से छूट।

Ÿ Labour tribunals में e-Court सुविधा।

Ÿ महिलाओं को सभी क्षेत्रों में कार्य करना संभव होगा, contract women worker को भी Night शिफ्ट करना संभव होगा।

Ÿ एस्बेस्टोसिस (Asbestosis), बायसिनोसिस (Byssinosis), बैगियोसिस (Bagassiosis) में भी सिलिकोसिस की सभी 8 योजनाओं के लाभ मिलेंगे।

Ÿ मुख्यमंत्री श्रमिक कौशल विकास योजना से दोनों श्रमिक बोर्डों के श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण।



**सभी सादर आमंत्रित हैं।**

श्रम विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा**

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

**पाकिस्तान ने डोनाल्ड ट्रंप के नाम की नोबेल पुरस्कार के लिए सिफारिश क्या कर दी है कि डोनाल्ड ट्रंप पाक के वास्तविक जेहादी चरित्र को पूर्णतः नकार कर उसके सारे गुनाहों को दरकिनार करते हुए गले से लगा रहे हैं। स्मरण कीजिए 10 मई को राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ऐलान किया था कि वाशिंगटन की मध्यस्थता के चलते भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तकरीबन 42 दफा दोहराए गए इस दावे को और आगे भविष्य में ना जाने कितनी दफा दोहराया जाएगा। भारत सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे को कदाचित स्वीकार नहीं किया। इसी से ट्रंप खार खाए हुए हैं। यही कारण है कि वे आतंक के पोषक पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर को शानदार इंसान और शानदार नेता बता रहे हैं। इस घटनाक्रम से स्पष्ट तौर से सिद्ध हो जाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत के प्रति किस कदर शत्रुतापूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। वह भारत पर चौतरफा दबाव बनाने की कोशिशों में लगे हुए हैं। जब भारत उनके इस प्रेशर में आता नजर नहीं आ रहा तो अब वे ब्लैकमेलिंग पर उतर आए हैं। ट्रंप की इसी रणनीति का खुलासा करता *आजकल* का खास अंक...**

# ट्रंप लगातार भारत पर हमलावर क्यों



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार



अपने विगत कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप पाकिस्तान को वैश्विक जेहादी आतंकवादियों को पनाह देने वाला और परवरिश करने वाला सबसे खतरनाक और निकृष्ट मुल्क कहकर संबोधित करते थे। वर्तमान द्वितीय कार्यकाल में आश्चर्यजनक तौर पर डोनाल्ड ट्रंप के लिए पाकिस्तान सबसे प्यारा दुलारा मुल्क बन गया है।

हुकूमत ए पाकिस्तान ने डोनाल्ड ट्रंप के नाम की नोबेल प्राइज के लिए सिफारिश क्या कर दी है कि पाकिस्तान के वास्तविक जेहादी चरित्र को पूर्णतः नकार करके और उसके सारे गुनाहों को दरकिनार करके राष्ट्रपति ट्रंप ने उसको अपने गले से लगा लिया है। स्मरण कीजिए 10 मई को राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ऐलान किया था कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में हुई बातचीत के तत्पश्चात भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम अंजाम देने के लिए सहमत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तकरीबन 42 दफा दोहराए गए इस दावे को और आगे भविष्य में ना जाने कितनी दफा दोहराया जाएगा। भारत सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे को कदाचित स्वीकार नहीं किया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और भारत के मध्य जारी सैन्य संघर्ष में युद्ध विराम डोनाल्ड ट्रंप ने अंजाम दिलवाया था।

## राष्ट्रीय हित ही सर्वोपरि

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किसी भी तीसरे पक्ष के सक्रिय हस्तक्षेप से भारत सरकार ने स्पष्ट इनकार कर दिया है। यही प्रस्थान बिंदु है, जहां से डोनाल्ड ट्रंप की हमलावर शत्रुता भारत के विरुद्ध प्रारम्भ होती है। राजनेताओं के मध्य स्थापित हुए व्यक्तिगत रिश्ते किसी मुल्क की विदेश नीति का कदापि आधार नहीं बन सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और विदेश नीति में केवल राष्ट्रीय हित ही सर्वोपरि होते हैं। राष्ट्रीय हितों के सरोकार अंतरराष्ट्रीय संबंधों और विदेश नीति का सदैव ही आधार स्तंभ होते हैं। ग्लोबल इकोनॉमी का नारा अमेरिका द्वारा ही बुलंद किया गया था। आज के दौर में डोनाल्ड ट्रंप की कयादत में दुनिया को ग्लोबल विलेज बनाने का सपना चूर-चूर हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों की अत्यंत कड़वी सच्चाई को हाल ही में भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक संबंधों में आ गई कटुता के आईने में देखा और परखा जा सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अंजाम दिए जा रहे सारे कारनामों के फलस्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों को गहन क्षति पहुंच रही है। राष्ट्रपति ट्रंप के कारनामों से अमेरिका भी गहरे गर्त में गिरता जाएगा। भारत की दोस्ती और भरोसा गंवाकर आखिरकार अमेरिका द्वारा चीन से किस तरह से मुकाबला किया जा सकेगा।

**अंतरराष्ट्रीय संबंधों की अत्यंत कड़वी सच्चाई को हाल ही में भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक संबंधों में आ गई कटुता के आईने में देखा जा सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अंजाम दिए जा रहे सारे कारनामों के फलस्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों को गहन क्षति पहुंच रही है। हाल में ही राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐलान कर दिया कि विदेशों में निर्मित ब्रांडेड दवाओं पर एक अक्टूबर 2025 से 100 प्रतिशत टैरिफ लागू हो जाएगा, जबकि भारत में निर्मित मेडिसिन बड़ी तादाद में अमेरिका को निर्यात की जाती है।**

## ट्रंप का शत्रुतापूर्ण व्यवहार

पाकिस्तान अपने जन्म काल से ही भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के तत्पश्चात एक शत्रु देश बन गया। भारत और पाकिस्तान के मध्य चार बड़े सैन्य युद्ध अंजाम दिए जा चुके हैं। इन चारों सैन्य युद्धों में बुरी तरह से शिकस्त खाकर और भारत के विरुद्ध सीधा युद्ध करने की कुव्वत नहीं रख सकने के कारणवश पाकिस्तान के हुक्मरान विगत तकरीबन 37 वर्षों से भारत के विरुद्ध कश्मीर में प्राक्सी बार संचालित कर रहे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का और उसके सैन्य कमांडर इन चीफ जनरल आसिफ मुनीर का रेड कारपेट बिछाकर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा व्हाइट हाउस में खैरमक़दम अंजाम दिया गया। राष्ट्रपति ट्रंप के संबोधन के मुताबिक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल शानदार इंसान हैं। इस घटनाक्रम से स्पष्ट तौर से सिद्ध हो जाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत के प्रति किस कदर शत्रुतापूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। हाल ही में सऊदी अरब और पाकिस्तान के मध्य संपन्न हुई सैन्य संधि जिसे स्ट्रैटेजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट शीर्षक प्रदान किया गया, इस सऊदी-पाक सैन्य संधि को अंजाम तक ले जाने की पृष्ठभूमि में जो शख्सियत विद्यमान है वो है अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दूसरे विश्व युद्ध के बाद अभी तक गल्फ मुल्कों को सैन्य संरक्षण अमेरिका प्रदान करता रहा है।

## गल्फ मुल्कों को पाक संरक्षण

अब मुस्तक़बिल में गल्फ मुल्कों को सैन्य संरक्षण अमेरिका का सबसे प्यारा देश बन गया पाकिस्तान उपलब्ध कराएगा। क्योंकि विश्व पटल पर पाकिस्तान ही एकमात्र ऐसा इस्लामिक देश है, जिसके पास परमाणु अस्त्रों की अत्यंत विकट शक्ति विद्यमान है। हालांकि इस्लामी देशों की कतार में अमेरिका का प्रबल शत्रु देश ईरान भी परमाणु शक्ति संपन्न देश बन जाने के कगार पर है। ऑर्गेनाइजेशन का इस्लामिक कंट्रीज (ओआईसी) का लीडर मुल्क सऊदी अरब रहा है। डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब को भारत का शत्रु और पाकिस्तान का परम मित्र बनने पर आमादा हो गए हैं। अपने चेहते देश पाकिस्तान पर डोनाल्ड ट्रंप ने केवल 19 प्रतिशत टैरिफ आयद किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि पाकिस्तान के तेल भंडारों के विकास पर भी जबरदस्त इमदाद प्रदान की जाएगी। अमेरिका को अगेन ग्रेट और अमेरिका फर्स्ट बनाने का नारा बुलंद करने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में बड़े-बड़े ऐलान किए थे कि वह दो दिनों के अंदर यूक्रेन-रूस की जंग को समाप्त कर देंगे और गाजा जंग का खात्मा कर देंगे। राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री नेतन्याहू को कूटनीतिक दबाव में लेने में नाकाम रहे, डोनाल्ड ट्रंप अब रूस-यूक्रेन युद्ध की तोहमत को भारत पर थोपने में लगे हुए हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप की गुस्ताखी देखिए कि उनके द्वारा चीन के मुकाबले में दोगुना टैरिफ भारत पर आयद कर दिया गया। साम्यवादी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप द्वारा थोपे गए टैरिफ के जवाब में अमेरिका पर दो गुना टैरिफ आयद कर दिया है। फिर क्या था ट्रंप ने चीन पर टैरिफ बहुत कम कर दिया। लोकतांत्रिक भारत ने वस्तुतः अभी तक अत्यंत सदाशयता के साथ काम लिया है और अमेरिकी टैरिफ का कदाचित कड़ा प्रति उत्तर नहीं दिया है। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन के यूरोपियन देश रूस के साथ कितना बड़ा व्यापार यूक्रेन युद्ध के दौर में जारी रखे हुए हैं। इस जीवंत तथ्य पर कोई तल्ख टिप्पणी ट्रंप आखिरकार क्यों नहीं करते हैं?

## नोबेल पीस प्राइज की सनक

हाल में ही राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐलान कर दिया कि विदेशों में निर्मित ब्रांडेड दवाओं पर एक अक्टूबर 2025 से 100 प्रतिशत टैरिफ लागू हो जाएगा। भारत में निर्मित जेनेरिक और ब्रांडेड मेडिसिन बड़ी तादाद में अमेरिका को निर्यात की जाती है। डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ-साथ अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण तौर पर अमेरिका पर भी हमला कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप की नोबेल पीस प्राइज हासिल करने की अपनी सनक में आगे देखना है कि क्या-क्या नए गुल खिलते हैं।

# आक्रामक कूटनीति ही शांति का आधार



**रणनीति**

कांतिलाल मांडोत

स्वतंत्र पत्रकार

सुपर पावर अमेरिका को टक्कर देने वाला चीन आज भी एक विकासशील देश है। स्वतंत्र भारत में विदेश नीति की शुरुआत कल्पनाओं से हुई, जिसका भारी खामियाजा हमें आज तक भुगतना पड़ रहा है। पहले पाकिस्तान और उसके बाद चीनी आक्रमण के बाद भारत की मोदी सरकार ने सबसे पहले सैन्य को मजबूत करने पर ध्यान दिया किन्तु कूटनीति और विदेश नीति कैसे चलानी चाहिए, यह हमने अभी तक नही सीखा है। पिछले तीन दशक से चीन सामरिक और आर्थिक रूप से भारत से बहुत आगे निकल गया है। चीन एक कम्युनिस्ट देश है और उसका पूरा तंत्र सत्ता द्वारा नियंत्रित है। चीन के शासन का अपने यहां लोगों और साधनों पर पूरा नियंत्रण है। उसके शासकों के लिए नीतियां बनाना और उन्हें बलपूर्वक लागू करना आसान है इसलिए उसने तीन दशक से सामरिक और आर्थिक शक्ति में जो अभूतपूर्व प्रगति की है उसे समझा जा सकता है। चीन एक विशाल देश और अत्यंत प्राचीन सभ्यता है। उसके पास न प्रतिभा की कमी है, न साधनों की। लेकिन चीन जैसी केंद्रीय व्यवस्थाओं को सर्वतोमुखी विकास सम्भव नहीं होता। यूरोप और अमेरिका के बीच चीन की बढ़ती हुई शक्तियों को इसी रूप में देखा जा सकता है। विशेष तौर से अमेरिका इसे एक चुनौती की तरह देखने लगा है। इस समय अमेरिका विश्व की प्रमुख तरह की शक्ति है और उसे लग रहा है कि चीन उसके लिए धीरे-धीरे सामरिक और आर्थिक चुनौती बनता जा रहा है। इस आधार पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीन को घेर रहे हैं। उसके साथ भारत पर हावी होने और कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत पर कड़क आर्थिक मार देकर भारत को दबा रहे हैं।

**अमेरिका को लग रहा है कि चीन उसके लिए चुनौती बनता जा रहा है। इस आधार पर ट्रम्प चीन को घेर रहे हैं। उसके साथ कूटनीतिक दृष्टिकोण से कड़क आर्थिक मार देकर भारत को दबा रहे हैं।**

चीन से सावधान रहने की बार-बार चेतावनी मिलती रही है। भारत के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार किन कारणों से करेगा? कोई ठोस आधार ही वह कारण हो सकता है जो भारत के पास हो। हम शांतिप्रेमी हैं, यह कोई कारण नहीं जिससे कोई देश हमें महत्व दे। भारत की इसी आधार पर उपेक्षा भी कर सकता है कि ऐसे देश से कोई समस्या नहीं होने वाली। वह इतना स्पष्ट है कि भारतीय नेताओं द्वारा इसे न समझा जाना आश्चर्यजनक है। पड़ोसी देश भी भारत के लिए कुतर्क की बात कर डराना चाहते हैं। पाकिस्तान कंगाल देश होने के बावजूद और भारत की ताकतवर सेना होने के बाद भी धमकियां देता है। चीन में अब तक कोई भी आतंकवादी हमला क्यों नही हुआ? क्योकि मुसलमानों को चीन के संविधान का पालन करना पड़ता है। चीन में मुसलमानों के साथ कैसा व्यवहार होता है,उसके लिए पाकिस्तान और कट्टरवादी समाज उनका विरोध क्यों नहीं करते हैं। इसलिए भारत को आक्रामक होना होगा। भारत को धमकियों से डरने की प्रवृति छोड़नी चाहिए। यह प्रवृत्ति दुश्मनों को आकर्षित करती है। चीन के साथ हमारी पराजय ग्रंथि दूर कर एक मंच पर मोदी व शी जिनपिंग ने द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया। चीन ने कई वर्षों तक भारत से किनारा किया। अमेरिका के बढ़ते दबाव के कारण भारत से चीन ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया। चीन ने अमेरिका और भारत के बीच तनाव को देखते हुए भारत के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध स्थापित कर लिए। चीन ने एक तीर से दो निशाने साधे हैं। भारत के साथ आयात निर्यात की सभी सीमाएं खत्म होने के बाद चीन को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। इस बीच भारत और अमेरिका के टैरिफ को लेकर बिगड़ते रिश्तों को देखकर चीन ने पासा फेंककर भारत के साथ राजनयिक रिश्ते मजबूत कर लिए लेकिन पाकिस्तान को मदद करना चीन ने आज भी नहीं छोड़ा है। चीन ने पाकिस्तान के साथ हजारों करोड़ का सौदा किया है। चीन अभी भी विकासशील देश का टैग पहने हुए है। यह नकाब कब उतरेगा, क्योंकि विकासशील देश का टैग पहने रहने से टैरिफ और एसडीटी जैसी सब्सिडी का लाभ मिलता है। अमेरिका से धोखा मिलने के बाद चीन ने भारत को बहुत बड़ा मार्केट दिया। 1962 के बाद भारत ने डटकर तिब्बत की स्वायत्तता का मुद्दा उठाया होता तो निश्चित मानिए चीन को हमारे साथ सद्भावनापूर्ण सम्बंध बनाने की चिंता होती। चीन के प्रति अब तक हमारा जो अज्ञान बना हुआ था,उसके कारण हम न उसकी वास्तविक शक्ति को समझते हैं, न कमजोरियों को। चीन ने भी इतने वर्षों तक हमारे बारे में अज्ञानतावश उतने ही भ्रम पाले हुए थे। लेकिन दोनों देशों के बीच सुधरे रिश्तों ने नई मिसाल पेश की है। चीन ने हमारे साथ शत्रु भाव पाल रखा था। उसकी जड़ें पाकिस्तान था क्योंकि भारत में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों के कहर को पाकिस्तान भारत की चाल करार देता था। चीन ने पाकिस्तान को हमेशा गुलाम बनाकर रखा है। चीन ने हजारों हैक्टेयर जमीन पाकिस्तान से अनुदान के एवज में कब्जाई हुई है। फिर भी चीन से भारत को सतर्क रहना होगा।

# प्रतिभा के पलायन को रोकने का बड़ा मौका



**अवसर**

प्रो. महेश चंद गुप्ता

शिक्षाविद व चिंतक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है। पहले जहां यह फीस लगभग 80 हजार रुपये थी, वहीं अब इसे 80 लाख रुपये तक बढ़ा दिया है। स्वाभाविक है कि अब पहले जितनी संख्या में भारतीय युवा अमेरिका नहीं जा पाएंगे। इस फैसले से दुनिया भर में उथल-पुथल मची है, जिसका फायदा उठाने की कोशिश चीन कर रहा है। उसने 'के वीजा' नामक नई श्रेणी की घोषणा की है जिसके तहत वह दुनिया भर के युवा वैज्ञानिकों और तकनीकी प्रोफेशनल्स को अपने यहां आकर्षित करना चाहता है। यह वीजा शिक्षा, संस्कृति, विज्ञान तकनीक और व्यवसाय के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराएगा। भारत के लिहाज से यह स्थिति एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों लेकर आई है। चुनौती इसलिए क्योंकि अमेरिकी दरवाजे बंद होने के बाद चीन नए अवसर देकर हमारी प्रतिभाओं को अपने यहां खींच सकता है। अवसर इसलिए है क्योंकि यह भारत के लिए प्रतिभा पलायन रोकने का सुनहरा मौका है। अब जरूरत इस बात की है कि सरकार, उद्योग जगत और कॉर्पोरेट सेक्टर मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करें जहां हमारे युवा देश में रहकर ही अपने सपनों को साकार कर सकें। भारत हमेशा से ही शिक्षा और प्रतिभा के मामले में समृद्ध रहा है पर प्रतिभा पलायन हमारी बड़ी समस्या है। हर साल लाखों छात्र-छात्राएं इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और रिसर्च के क्षेत्र में पढ़ाई पूरी करते हैं लेकिन अफसोस है कि उनमें से बड़ी संख्या में युवा विदेशों का रुख कर लेते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत में शोध के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं, रोजगार के अवसर सीमित हैं और जो अवसर उपलब्ध हैं, उनमें योग्य प्रतिभा को सम्मान और सुरक्षा का अभाव है। डॉक्टर, इंजीनियर और आईटी प्रोफेशनल विदेश जाकर वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं जबकि उनकी प्रतिभा का लाभ भारत को मिलना चाहिए। एक तरफ हम युवाओं की शिक्षा पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, दूसरी ओर वे अवसरों की कमी के कारण देश छोड़ जाते हैं। यह भारत के विकास के लिए बड़ी हानि है। ट्रंप का वीजा फीस वृद्धि का कदम दुनिया के कई देशों के लिए चिंता का विषय हो सकता है लेकिन भारत को इसे सकारात्मक रूप में देखना चाहिए। कुल मिलाकर, अमेरिकी कदम भारत के लिए सकारात्मक है। इससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि हम अपनी प्रतिभा को यहीं रोकें और उन्हें ऐसे अवसर दें जिससे वे विदेश जाने की बजाय देश में ही काम करें। अगर हम अपने युवाओं को यहीं अवसर देंगे तो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। तकनीकी और डिजिटल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता संभव होगी। मेड इन इंडिया का सपना साकार होगा।

**अब जरूरत इस बात की है कि सरकार, उद्योग जगत और कॉर्पोरेट सेक्टर मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करें जहां हमारे युवा देश में रहकर ही अपने सपनों को साकार कर सकें।**

# फिलहाल ट्रंप का ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ भारत के लिए बेअसर



**चुनौती**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 26 सितंबर को ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान करके एक बार फिर टैरिफ लगाने की ट्रंप श्रृंखला को आगे बढ़ा दिया है। यह टैरिफ 1 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। इससे पहले ट्रंप ने 27 अगस्त से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। फिलहाल ट्रंप के दवा टैरिफ का भारतीय फॉर्मा कंपनियों पर ज्यादा असर नहीं होगा। कारण यह कि भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली दवाओं में पेटेंट दवाओं का हिस्सा महज पांच फीसदी है और जेनेरिक दवाओं का हिस्सा 95 फीसदी है।

उल्लेखनीय है कि दवा टैरिफ उन कंपनियों पर नहीं लगेगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। ट्रंप ने यह साफ संकेत दिया है कि अगर किसी फार्मा कंपनी की अमेरिका में दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग में दिलचस्पी है तो उसे 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। साथ ही किसी कंपनी ने अमेरिका में अपना प्लांट लगाना शुरू कर दिया है तो उसे भी इस 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। इसका उद्देश्य दुनिया की बड़ी फार्मा कंपनियों को अमेरिका में उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना है। इस फैसले का ज्यादा असर उन देशों पर पड़ेगा जहां की फार्मा कंपनियां अमेरिका को ब्रांडेड दवाओं का निर्यात करती हैं।

गौरतलब है कि ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई और जेनेरिक दवाई में बड़ा अंतर है। चूंकि जेनेरिक दवाई का कोई नया पेटेंट नहीं होता, यह पहले से ही मौजूद फॉर्मूले पर आधारित होती है, अतएव जेनेरिक दवा बनाने वाली कंपनियों को रिसर्च का खर्च नहीं उठाना पड़ता, इसलिए जेनेरिक दवाइयों की कीमत ब्रांडेड दवा के मुकाबले बहुत कम होती है। खास बात यह है कि भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश है। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को लगभग 10 अरब डॉलर की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक तिहाई से अधिक है। निश्चित रूप से ट्रम्प ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाने का फैसला अमेरिका में दवा उत्पादन को बढ़ाने के लिए लिया है। ट्रम्प का दवाई टैरिफ 'अमेरिका फर्स्ट' और 'मेक इन अमेरिका' नीति का हिस्सा है। ट्रम्प का यह भी




**भविष्य में जेनेरिक दवाइयों पर किसी टैरिफ या अन्य कोई चुनौती के मद्देनजर भारत को फॉर्मा उद्योग के क्षेत्र में रणनीतिपूर्वक मजबूत होना होगा। इससे सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था लाभांवित होगी।**

मानना है कि दवाओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका ने यह देखा है कि अगर दवाई की सप्लाई चेन टूटती है तो अमेरिका में दवाओं की भारी कमी हो सकती है। ऐसे में ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाकर, अमेरिका की पूरी फार्मा सप्लाई चेन को सुरक्षित करने का कदम उठाया है। ट्रंप के द्वारा जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ नहीं लगाने के कुछ विशेष कारण भी उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में डॉक्टर रोगियों के लिए जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से करीब 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों द्वारा बनाई गई जेनेरिक दवाइयां होती हैं। इतना ही नहीं जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं से 80-90 फीसदी तक सस्ती होती हैं। ऐसे में अगर जेनेरिक दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लग जाता, तो जेनेरिक दवाओं की कीमत बहुत बढ़ जाती। इससे अमेरिकी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा बहुत महंगी हो जाती, और यह सीधे तौर पर ट्रंप के लिए नए घरेलू असंतोष का कारण बन सकता था। दरअसल, भारतीय जेनेरिक दवाइयां अमेरिका के लिए लागत-बचत का एक अवसर है। आशंका है कि ट्रंप रणनीतिपूर्वक आगामी समय में जेनेरिक दवाइयों को भी टैरिफ के दायरे में ला सकते हैं। ऐसी आशंका के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में गिरावट भी आई है। विशेष रूप से फॉर्मा कंपनियों के शेयर मूल्य में बड़ी गिरावट दिखाई दी है। ऐसे में भारत को निर्यात तथा संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए मूल्यवान फॉर्मा सेक्टर की डगर पर नीतिगत बदलावों के लिए तैयार रहना होगा।

भारत में पेटेंटेड ड्रग मैन्युफैक्चरिंग के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ाना होगा। निवेश के लिए इंटरनेशनल पार्टनर्स तलाशने होंगे। वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूत बनने बारे में रणनीति बनानी होगी। देश में दवाइयों की गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। सरकार के द्वारा फॉर्मा सेक्टर से संबंधित बुनियादी ढांचा को मजबूत बनाया जाना होगा। यद्यपि ट्रंप के द्वारा ब्रांडेड दवाओं पर लगाए गए 100 फीसदी टैरिफ फिलहाल भारत के लिए बेअसर हैं, लेकिन भविष्य में जेनेरिक दवाइयों पर किसी टैरिफ या अन्य कोई चुनौती के मद्देनजर भारत को फॉर्मा उद्योग के क्षेत्र में रणनीतिपूर्वक मजबूत होना होगा। इससे भारत का जो दवाई उद्योग वर्तमान में 55 अरब डॉलर के स्तर पर है, वह 2030 तक करीब 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर की ऊंचाई पर दिखाई दे सकेगा। इससे रोजगार बढ़ेंगे, निर्यात बढ़ेंगे और सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था लाभांवित होगी।

# भारत को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तानी कंधे की टेक



**भेंटवार्ता**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र स्तंभकार

गत बृहस्पतिवार व्हाइट हाउस ओवल कार्यालय में ट्रंप के निमंत्रण पर पहुंचे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई भेंटवार्ता दुनिया के लिए रहस्य बनी हुई है। दोनों पक्षों की भेंट का वास्तविक कारण सार्वजनिक नहीं किया गया है। एकल अथवा संयुक्त रूप में भी कोई ऐसा वार्ता-विवरण प्राप्त नहीं हुआ, जो अकस्मात हुई दोनों पक्षों की वार्तालाप का कोई ठोस उद्देश्य प्रकट कर सके। अमेरिका के स्तर पर पाकिस्तान के साथ होने वाली ऐसी गुप्त वार्ता विश्व के लिए एक असुरक्षित कूटनीतिक संकेत है। जून 2025 में भी ट्रंप ने ऐसा ही किया था। तब वे कनाडा में आयोजित हो रही जी-7 की बैठक बीच में ही छोड़, अमेरिकी ओवल कार्यालय में आसिम मुनीर के स्वागत हेतु पहुंच गये थे। वह प्रकरण भी अति विचित्र था। तब जी-7 में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का, आमंत्रित देश के प्रधान के रूप में उपस्थित होना ट्रंप के लिए असहज हो गया था। अतः मुनीर व ट्रंप की तत्कालीन भेंट भारत के संदर्भ में एक अप्रत्याशित कूटनीतिक उलझन बन गई थी। अब पुनः ट्रंप का मुनीर व शरीफ से मिलना, भारत के लिए नई कूटनीतिक समस्या उत्पन्न कर रहा है। ट्रंप की पाकिस्तानी शासकों के साथ ये उलझी हुई मैत्रीपूर्ण गुत्थी, भारत व अमेरिका के अनेक स्तरीय संबंधों को दिनोंदिन अविश्वास में धकेल रही है।

ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तथा पाकिस्तान का यह नवीन संधि-आग्रह अवश्य ही भारत के प्रति दोनों देशों द्वारा बनाई-अपनाई जा रही किसी न किसी दूरगामी कूटनीति का संकेत है। इसका प्राथमिक व प्रत्यक्ष संबंध, दस दिन पहले ही अमेरिकी योजना से पाकिस्तान-सऊदी अरब के मध्य संपन्न हुए रणनीतिक सुरक्षा अनुबंध से है। भारत के प्रति पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण आचरण को देख-समझ कर भी अपने व भारत के अनेक क्षेत्रों के महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक सुरक्षा अनुबंध' द्वारा तिरोहित करने वाले सऊदी अरब को भारत ने दस दिनों में ही कई आघात दे दिए हैं। भारत ने अरब देश के



**ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तथा पाकिस्तान का यह नवीन संधि-आग्रह अवश्य ही भारत के प्रति दोनों देशों द्वारा बनाई-अपनाई जा रही किसी न किसी दूरगामी कूटनीति का संकेत है।**

अनेक निवेश समझौतों को समीक्षा पटल पर रख दिया है। भारत से विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों द्वारा लाभान्वित होने वाले अरबी व्यापारियों के मध्य तीव्र हलचल मची हुई है। वे अरब के मुखिया को इस बारे में चेतावनियां दे रहे हैं। सऊदी ने भारत के साथ उभरती अपनी इस नवीन समस्या के बारे में जब अमेरिका को सूचित किया या अमेरिकी शासन की प्रमुख गुप्तचर मण्डली ने जब इसका स्वयं संज्ञान लिया तो स्थितियों पर नया विचार हुआ। इसीलिए अधिक संभावना यही है कि इस प्रकरण पर आगे की रणनीति निर्धारित करने सऊदी की ओर से पाकिस्तानी प्रमुखद्वय ओवल कार्यालय में ट्रंप से मिलने चले गए।

यह स्पष्ट होता चला जा रहा है कि ट्रंप भारत को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तानी कंधे का प्रयोग कर रहे हैं अथवा पाकिस्तान समेत अनेक मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों की हिन्दू विरोधी मानसिकता को भांपकर अपने व अपने परिवार के व्यवसाय के प्रसार हेतु ऐसे देशों की भारत विरोधी कूटनीति-राजनीति को बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं, ताकि वे इनके साथ मनमाने व्यापारिक अनुबंध करके इनकी ओर से अमेरिकी अधिवक्ता बनने का अभिनय कर सकें। ट्रंप के बारे में यह तो निश्चित है कि वे देशों के मध्य युद्ध को भड़काकर और फिर शीघ्र अयुद्धक शांति की घोषणा करने का मूल्य, अमेरिका व अपना व्यापार बढ़ाकर अर्जित करना चाहते हैं।

विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या धारक भारत के साथ अमेरिकी अनुकूलता के आधार पर व्यापारिक अनुबंध न होने के कारण तथा चीन को अपने अधिक लाभांश हिस्से पर व्यापार करने के लिए सहमत न कर पाने के कारण, अब अमेरिका के लिए और विशेषकर ट्रंप व उनके परिजनों के व्यापार हेतु जनसंख्या से भरे पड़े तथा अमेरिकी शर्तों पर कुछ भी करने को सहमत होने वाले पाकिस्तान व बांग्लादेश जैसे देशों से ही अमेरिका, अमेरिकी व्यापारी तथा ट्रंप व्यावसायिक लाभार्जन करना चाहते हैं।

शरीफ व मुनीर के साथ ट्रंप की अप्रत्याशित, अनियोजित भेंट का मूल उद्देश्य तो पाकिस्तान समेत दूसरे मुसलिम देशों में अमेरिकी व्यापार की संभावनायें ढूंढना है, किंतु लगे हाथ मोदी से व्यक्तिगत शत्रुता प्रदर्शित करने के लिए भारत के विरुद्ध पाकिस्तान के स्तर पर किसी न किसी अशुभकारी षड्यंत्र की रूपरेखा बनाना भी हो सकता है।

बरेली बवाल में उभर रहे सुलगते सवाल

# मौलाना तौकीर समेत 8 गए जेल, 10 मुकदमे दर्ज और इंटरनेट बंद

## पुलिस ने 39 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की

एजेंसी ▶▶ बरेली

यहां बवाल के बाद पुलिस ने शनिवार को मौलाना तौकीर रजा खां समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आठों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जुमे की नमाज के बाद अलग-अलग जगहों पर हिंसक प्रदर्शन किया। इसमें अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, थाना किला, प्रेमनगर और कैंट में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस 39 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



### 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद

जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। बीएसएनएल क्षेत्रीय कार्यालय के जीएम पंकज पोरवाल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सोशल मीडिया पर जो पत्र वायरल हुआ है, वह सही है।

### बारातघर संचालक और उसका बेटे भी फंसा

फाइक एनक्लेव निवासी बारातघर संचालक फरहत और उसके बेटे को बारादरी पुलिस ने जांच के आधार पर मुकदमे में शामिल किया है। शुक्रवार रात से इन्हीं लोगों ने मौलाना को अपने घर में शरण दे रखी थी।

### मौलाना ने रात में जारी किया था वीडियो

बवाल के बाद मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार रात 10:20 बजे वीडियो जारी कर कहा है कि अतीक और अशरफ की तरह मुझे गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना कबूल है। उन्होंने कहा कि वे अब तक नजरबंद हैं। उन्होंने मुबारकबाद पेश करते हुए घटना को साजिश करार दिया। मौलाना ने कहा कि मैं आशिकाने रसूल को मुबारकबाद पेश करता हूं। ऐसे खतरनाक समय में इश्क-ए रसूल के नाम पर आप लोग आए। हमने अमन का रास्ता इख्तियार किया था।

### जितना दबाएंगे, उतना ही उभरेगा यह

मौलाना ने कहा कि मैं वहां जाता, नमाज पढ़ता और ज्ञापन देकर लोगों को घर भेज देता, पर हमेशा की तरह मुझे हाउस अरेस्ट कर लिया। उनके पीछे झूठे लेटरपैड पर उनके नाम से बयान जारी कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई। यह मामला जितना दबाया जाएगा, उतना ही उभरेगा।

### 22 पुलिसकर्मी हुए घायल सुनियोजित साजिश की

डीआईजी अजय कुमार साहनी के अनुसार घटना में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जिस तरह से भीड़ बैनर लेकर निकली और पथराव किया उससे सुनियोजित साजिश का संकेत मिलता है। घटना के वीडियो और तस्वीरों के आधार पर इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### रजा मुख्य साजिशकर्ता 2,000 मैसेज दे भड़काया

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि अलग-अलग जगहों पर हिंसक प्रदर्शन हुआ। पुलिस पर पथराव करने वाले आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। 2 हजार आरोपी बताए जा रहे हैं। बरेली में बवालके पीछे सोची-समझी साजिश थी। 7दिन पहले से माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही थी। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, खाली कारतूस, पेट्रोल से भरी बोतलें बरामद की हैं।

### ये था मामला

आई लव मोहम्मद के समर्थन में मौलाना के बुलावे पर शुक्रवार को शहर में भीड़ जुटी थी। मौलाना के नदारद रहने पर भीड़ अराजक हो गई। बवालियों ने खलील स्कूल तिराहे के पास दुकानों व वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। नावल्टी चौराहा पर पुलिस टीम पर पथराव और श्यामगंज में फायरिंग की। करीब तीन घंटे तक शहर में बवाल हुआ। भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, लाठीचार्ज भी किया। शाम पांच बजे हालात काबू में आ गए। मौलाना और समर्थकों पर कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा बारादरी थाने में दर्ज दो मामलों में पुलिस पर पथराव और फायरिंग करने का आरोप है, इसमें मौलाना की पार्टी आईएमसी के कई पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य शामिल हैं। किला, प्रेमनगर और कैंट थानों में बीएनएस की धारा 163 (निषेधाज्ञा उल्लंघन) के तीन मुकदमे दर्ज कराए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### कॉमेडियन कपिल को धमकी देने वाला अरेस्ट



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा को धमकी देने के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने पश्चिम बंगाल से एक शख्स को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शख्स का नाम दिलीप चौधरी है। आरोपी ने कपिल के पीए को फोन कर 1 करोड़ की मांग की थी और रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी।अदालत ने उसे 30 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा है।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 4 की मौत



**उन्नाव।** जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है। शादीपुर गांव के पास, जहां गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज बन रहा है। वहां कार की टक्कर से 4 श्रमिकों की मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और हंगामा कर रहे हैं। यहां तनाव की स्थिति है। श्रमिक बांगरमऊ थाना क्षेत्र के थे।

### मेरठ में भाजपा नेता भड़ाना को उड़ाया



**मेरठ।** यहां के किठौर थानाक्षेत्र में गांव भदोली में भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री और बीडीसी सदस्य प्रमोद कुमार भड़ाना की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि वारदात को अंजाम गांव के ही रॉबिन गुर्जर ने दिया। प्रमोद सुबह खेत में चारा लेने गए थे, तभी उन पर जानलेवा हमला हुआ। ग्राम प्रधान सतीश उन्हें डॉक्टर के पास ले जा रहे थे, तभी फायरिंग हुई।

### लुकआउट नोटिस जारी किया

**गुवाहाटी।** दिवंगत सिंगर जुबीन गर्ग का 19 सितंबर को सिंगापुर में आकस्मिक निधन हो गया। जुबीन का निधन कथित तौर पर स्कूबा डाइविंग के दौरान हुआ। सिंगर वहां नॉर्थईस्ट फेस्टिवल में हिस्सा लेने गए थे। उनकी मौत के मामले की जांच हो रही है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा खुद निजी रूप से निगरानी रख रहे हैं।

## ओडिशा में बीएसएनएल टावरों के उद्घाटन पर बोले प्रधानमंत्री

पीएम मोदी की देश को सौगात

# देश में आज से स्वदेशी 4जी नेटवर्क शुरू भारत ग्लोबल टेलीकॉम का हब बनेगा



इस के विस्तार से देश भर में 2 करोड़ से ज्यादा लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। कंपनियों ने देश को दुनिया के उन5 देशों की सूची में ला दिया है, जिनके पास 4जी सर्विसिज हैं

**भारत की कंपनियों ने देश को दुनिया के 5 देशों की सूची में खड़ा किया**

एजेंसी ▶▶ झारसुगुड़ा

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा से भारत के पूरी तरह स्वदेशी 4जी स्टैक और 97,500 से अधिक बीएसएनएल टावरों के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि ये टावर देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी की नई क्रांति लाने जा रहे हैं। 4जी तकनीक के विस्तार से देश भर में 2 करोड़ से ज्यादा लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। भारत की कंपनियों ने देश को दुनिया के उन5 देशों की सूची में ला दिया है, जिनके पास 4जी सर्विसेज शुरू करने की पूरी तरह स्वदेशी टेक्नोलॉजी उपलब्ध है। बीएसएनएल अपनी स्थापना का 25वां वर्ष मना रहा है। बीएसएनएल और उसके सहयोगियों की मेहनत से आज भारत ग्लोबल टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### 97 हजार से अधिक टॉवर्स का उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने 97,500 से अधिक 4जी मोबाइल टॉवर का उद्घाटन किया। 14,180 मोबाइल 4जी टॉवर को डिजिटल भारत निधि के जरिए वित्त पोषित किया गया है। दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क के शुरू होने से और इसके 97 हजार से भी अधिक टॉवर लगने से टॉवर सुदूर, सीमावर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 26,700 असंबद्ध गांवों को लाभ मिलेगा।




### देश ने आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम बढ़ाया

उन्होंने इस टेक्नोलॉजी की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि आज देश ने आत्मनिर्भरता की ओर बहुत बड़ा कदम उठाया है। जब टेलीकॉम की दुनिया में 2जी, 3जी और 4जी जैसी सेवाएं शुरू हुईं तो उनमें भारत बहुत पीछे रह गया था। 2जी, 3जी और 4जी जैसी सर्विसेज की टेक्नोलॉजी के लिए भारत विदेशों पर निर्भर रहा। देश ने संकल्प लिया कि टेलीकॉम सेक्टर की यह जरूरी टेक्नोलॉजी देश में ही विकसित हो। उन्होंने कहा, यह गौरव की बात है।

### आसानी से 5जी सर्विसेज के टॉवर भी तैयार हो जाएंगे

पीएम मोदी ने आगाह किया कि कहा कि भारत पहले ही सबसे तेज 5जी सर्विसेज को रोलआउट कर चुका है। बीएसएनएल के टावर भी बहुत आसानी से 5जी सर्विसेज के लिए भी तैयार हो जाएंगे।

### हर चीज में आत्मनिर्भर बने

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि भारत चिप से लेकर जहाजों तक, हर चीज में आत्मनिर्भर बने। देश का हर नागरिक चाहता है कि हमारा देश अब किसी पर निर्भर न रहे, इसलिए पारादीप से झारसुगुड़ा तक एक विशाल औद्योगिक क्षेत्र बनाया जा रहा है। हमने देश में जहाज निर्माण के लिए 70 हजार करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी है, इससे भारत में 4.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश आएगा।

### 4जी हो सकेगी 5जी में तब्दील: ज्योतिरादित्य



दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस प्रणाली पर जानकारी मीडिया को दी थी उसके अनुसार भारत विनिर्मित प्रणाली क्लाउड-आधारित, भविष्य के लिए तैयार है और इसे आसानी से 5जी में तब्दील किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसमें तेजस नेटवर्क की तरफ से विकसित रेडियो एक्सेस नेटवर्क यह सी-डीओटी द्वारा तैयार एक कोर नेटवर्क है और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने इसे एकीकृत किया है।

### हमने देश को कांग्रेस के लूटतंत्र से बाहर निकाला, अब दोगुनी बचत-कमाई का दौर

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डेढ़ साल पहले, विधानसभा चुनाव के दौरान, आप ओडिशावासियों ने एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया था। ये संकल्प था- 'विकसित ओडिशा'। आज हम देख रहे हैं कि ओडिशा डबल इंजन की रफ्तार से आगे बढ़ चला है। आज एक बार फिर, ओडिशा के विकास, देश के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम शुरू हुआ है।

### भाजपा गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार

पीएम ने कहा कि आज शुरू की गई ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत ट्रेन से गुजरात के उड़िया लोगों को लाभ होगा। भाजपा सरकार गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार है। हम गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर देते हैं।सरकार ने अब तक 4 करोड़ गरीब को पक्के घर उपलब्ध कराए हैं।

## सांसद बोली: गांव में पैक्स पर सुनिश्चित किया जाए डीएपी खाद का वितरण

# किसान का सारा डाटा सरकार के पास फिर क्यों नहीं होता उसी हिसाब से खाद का प्रबंध: सैलजा

हरियाणा में लंबी कतारों में खड़े रहने पर मजबूर किसान, नहीं मिल रहा खाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि जब 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल के माध्यम से सरकार के पास पैदा होने वाली फसलों का पूरा विवरण क्षेत्रफल सहित आ जाता है तो उसे उसी हिसाब से डीएपी खाद का प्रबंध कर गांव में पैक्स पर ही वितरण करना चाहिए ताकि किसान को खाद के लिए शहर में आकर दिन-रात कतार में न लगना पड़े। आज हालात ये हैं कि प्रदेश में किसान गेंहू की बिजाई के लिए डीएपी खाद को लेकर धक्के खा रहा है जबकि कालाबाजारी में खाद आसानी से मिल रही है। सरकारी एजेंसी पर आधारकार्ड पर एक किसान को मात्र चार ही बैग खाद दी जा रही है बाकी खाद ब्लैक में खरीदने के लिए अधिकारी किसान को मजबूर कर रहे है। सरकार को जल्द से जल्द किसान हित में उचित कदम उठाना ही होगा।

सैलजा ने कहा है कि प्रदेश के हर जिला में डीएपी और यूरिया खाद की कमी को लेकर किसानों में भारी रोष है और वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि कृषि मंत्री ने स्थिति को सामान्य बताते हुए आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी पर नजर रखने का दावा किया है। सरकार को दावा करने के बजाए धरातल पर उतरकर खाद का वितरण सुनिश्चत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद समय पर और उचित मात्रा में मिलनी चाहिए ताकि फसलें खराब न हों और वे भारी किल्लत के बीच लंबी कतारों में न खड़े हों। अधिकतर जिलों में खाद की कालाबाजारी की शिकायतें आ रही है जिससे किसानों को अपनी जरूरत की खाद ऊंची कीमतों पर खरीदनी पड़ रही है। खाद न मिलने के कारण किसान घंटों तक लाइनों में लगने को मजबूर हैं। किसान कतार में लग जाते है इतना ही नहीं महिलाएं भी खाद के लिए सुबह से लाइन में लग जाती है। उन्होंने कहा कि किसान एक ही बात कहता है कि समय पर खाद न मिलने से बिजाई प्रभावित होगी और फसलें खराब हो सकती हैं।

सैलजा का कहना है कि किसानों को ज़रूरत के मुताबिक खाद नहीं मिल रही है और वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। कुछ जिलों में किसानों को खाद कूपन न मिलने के कारण भी परेशानी हो रही है, जिससे नारेबाजी की जा रही है। पर्ची पर किसान का नाम और उसका आधार कार्ड लिखकर बाद में उसे एक पर्ची पर चार खाद के बैग दिए जाते है, आधार कार्ड पर खाद देने से पहले यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उस व्यक्ति के नाम पर खेती है भी या नहीं। उनका कहना है कि किसान रात से लाइन में लगा होता है और जब उसका नंबर आता है तो कहा जाता है कि खाद का स्टाक ही खत्म हो गया है। सरकार को किसानों की परेशानी का ध्यान रखते हुए उनके ही गांव में खाद वितरण की व्यवस्था करनी चाहिए और खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाना चाहिए। किसानों को सबसे ज्यादा डीएपी खाद की जरूरत है, क्योंकि गेहूं की बिजाई के लिए डीएपी खाद की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। सांसद ने कहा कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है।

# वैश्विक पनडुब्बी बचाव के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध भारत

*नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में सफलतापूर्वक पूरा किया विदेशी पनडुब्बी जहाजों संग मुलाकात का चरण*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय नौसेना ने एक्सपीआर-25 युद्धाभ्यास के समुद्री चरण के तहत विदेशी पनडुब्बी जहाजों के साथ पहली मुलाकात की अहम उपलब्धि हासिल की है। जिसमें तीन पनडुब्बियां, तीन साथी और तीन दिन टाइटल देते हुए बताया कि नौसेना ने हस्तक्षेप और बचाव कार्यों के पूर्ण स्पेक्ट्रम का संचालन करते हुए युद्धाभ्यास के दौरान दक्षिण चीन सागर में विदेशी पनडुब्बियों के साथ पहली मुलाकात सफल रही। तीन दिनों तक हम आरओवी अभियान में शामिल थे, जो कि हमारी बढ़ती वैश्विक बचाव क्षमताओं को प्रदर्शित करती है। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय पनडुब्बी बचाव के लिए हमारी तत्परता, अंतर-संचालन और प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह भारत को एक भरोसेमंद समुद्री साझेदार और समुद्र में क्षेत्रीय सुरक्षा व मानवीय प्रतिक्रिया में सक्रिय योगदानकर्ता के रूप में भी साबित करती है।

## हैदराबाद में मूसलाधार बरसात से शहर अस्त-व्यस्त

# 1,000 लोगों को सुरक्षित पहुंचाया | भारी बारिश से मूसी नदी खतरे के निशान से ऊपर, शहर के कई इलाकों में भरा पानी

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

शनिवार को भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। मूसलाधार बारिश के बाद शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली मूसी नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी। स्थिति और गंभीर हो गई जब अधिकारियों ने हैदराबाद के जुड़वां जलाशयों-हिमायतसागर और उस्मानसागर-के गेट खोल दिए। इससे नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा और चादरघाट पुल के पास नदी उफान पर आ गई। हैदराबाद समेत तेलंगाना के कई हिस्सों में निचले इलाकों में पानी घुस गया।



अधिकारियों ने 1, 000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया और उन्हें राहत शिविरों में ठहराया। कई घर पानी में डूब गए, वहीं रंगारेड्डी जिले की मीरपेट नगर निगम सीमा के मिथिला नगर कॉलोनी समेत कई कॉलोनियों में घुटनों तक पानी भर गया।

### मुंबई समेत कई इलाकों में बारिश का अलर्ट

मुंबई। महाराष्ट्र में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। अरब सागर के ऊपर बन रहे दबाव की वजह से जाते हुए मानसून में जमकर बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि मुंबई में 24 घंटे में भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, कोंकण तट और मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में तेज हवाओं और बिजली गरजने के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। आम लोगों से बारिश को देखते हुए अलर्ट रहने की अपील की गई है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **बलदेव पुत्रः** चिंतामणि **पताः** बी–181 एन.एस. मंडी आज़ादपुर दिल्ली **इसके अलावाः** डी–78 महेंद्र एन्कलेव मॉडल टाउन IIIrd, दिल्ली ने **FIR No. 81/18, U/s 392/34 IPC थानाः महेंद्र पार्क, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलदेव,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलदेव,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 81/18, U/s 392/34 IPC थानाः महेंद्र पार्क, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **बलदेव,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अमरदीप कौर
एलडी. एसीजेएम, कमरा संख्या 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12983/NW/2025
(Court Matter)

# न्यूयॉर्क में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों को संबोधित करते हुए बोले डॉ. जयशंकर

# टैरिफ अस्थिरता से प्रभावित होता व्यापार प्रवाह, ब्रिक्स करे बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की रक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत इन दिनों अलग-अलग मामलों में अमेरिका द्वारा लगाई गई कड़ी पाबंदियों से एक साथ जूझ रहा है। जिसमें सबसे पहले रूस से कच्चे तेल खरीद पर लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ , फिर ईरान के चाबहार बंदरगाह के विकास कार्य पर लगाई गई रोक, एक लाख डॉलर की एच1बी वीजा की फीस बढ़ोतरी और हाल ही में भारत की ब्रांडेड और पेटेंट दवाओं पर लगाया गया 100 फीसदी टैरिफ मुख्य हैं। शनिवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने करारा जवाब भी दिया है। जिसमें उन्होंने न्यूयॉर्क में 'ब्रिक्स' के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करते हुए कहा, जब टैरिफ अस्थिरता, संरक्षणवाद और गैर-टैरिफ बाधाएं व्यापार प्रवाह को प्रभावित करती हैं। तब ब्रिक्स व्यापार प्रणाली की रक्षा करे।

## ओआरएफ के कार्यक्रम में एच1बी वीजा पर बोले विदेश मंत्री, ग्लोबल वर्कफोर्स की सच्चाई स्वीकारनी होगी



### सहयोग बढ़ाने पर ब्रिक्स सहमत

मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों ने बैठक में क्षेत्रीय,वैश्विक महत्व के बड़े मुद्दों पर विचार साझा किए, जिसमें यूएन के एजेंडे के राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक, वित्तीय और सतत विकास जैसे विषयों से जुड़े मामले, इंट्रा-ब्रिक्स सहयोग व गतिविधियां प्रमुख हैं। बैठक में समूह देशों ने अपने तीन आधार स्तंभों के तहत विस्तारित ब्रिक्स को लेकर अपने सहयोग को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### पहली बार अमेरिका में हुई ब्रिक्स की बैठक

यह पहला मौका था जब अमेरिका में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई और उसमें जयशंकर ने कहा कि जब बहुपक्षवाद दबाव में होता है तो ब्रिक्स तर्क और रचनात्मक परिवर्तन की एक मजबूत आवाज के रूप में दृढ़ता से खड़ा होता है। अशांत दुनिया में समूह को शांति स्थापना, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन के संदेश को सुदृढ़ करना चाहिए। हम सभी देशों को एकजुटता के साथ यूएन के प्रमुख अंगों में व्यापक सुधार के सामूहिक आह्वान को बढ़ाना चाहिए।

### भारत की साझेदारी विकास केंद्रित होगी

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स सहयोग के अगले चरण को प्रौद्योगिकी और नवाचार प्रभावित करेंगे। विदेश मंत्री ने जोर दिया कि खाद्य-ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल परिवर्तन, स्टार्टअप, नवाचार और मजबूत विकास साझेदारी के जरिए सतत विकास पर केंद्रित होगी।

### कई विदेश मंत्रियों से मिले

विदेश मंत्री ने एक्स पर बताया कि अमेरिका में उनकी कई अन्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ मुलाकात भी हुई। जिसमें रूस, ब्राजील, दक्षिण-अफ्रीका, क्यूबा, सिएरा लियोन, ऑस्ट्रिया,उरुग्वे, रोमानिया, इंडोनेशिया, कोलंबिया, एंटीगुआ और बारबुडा शामिल हैं।वार्ताओं में भारत और संबंधित देशों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

### ग्लोबल वर्कफोर्स ही असल सच्चाई

वहीं, यूएनजीए के सत्र से इतर ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में डॉ.जयशंकर ने एच1बी वीजा को लेकर की गई अप्रत्याशित अमेरिकी फीस बढ़ोतरी को लेकर कहा कि हमें ग्लोबल वर्कफोर्स की सच्चाई को स्वीकार करना पड़ेगा। राष्ट्रीय जनसंख्या ही श्रम की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूरी तरह से पर्याप्त नहीं है। ग्लोबल वर्कफोर्स एक हकीकत है, जिसे नकारा नहीं जा सकता है। ये कहां होगी व कहां से इसका संचालन होगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **जसपाल सिंह पुत्रः** स्व. श्री इंदर सिंह **पताः** मकान नंबर–135ए ब्लाक, गली नंबर–1 पहली मंजिल हरदेव नगर बुराड़ी वजीराबाद उत्तरी दिल्ली ने **FIR No. 172/2020, U/s 270/188/269 IPC थानाः वजीराबाद, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जसपाल सिंह,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जसपाल सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 172/2020, U/s 270/188/269 IPC थानाः वजीराबाद, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जसपाल सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनिवाल
जेएमएफसी–12, कमरा नंबर 264
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12999/N/2025
(Court Matter)

# स्मॉल कैप और मिडकैप में कौन आगे, किसने दिया बढ़िया रिटर्न

▶▶ स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट ▶▶ 3 साल, 5 साल और 10 साल में दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न बढ़िया
▶▶ निवेशकों के लिए एसआईपी होता है सबसे अच्छा विकल्प, हो रहे मालामाल ▶▶ एसआईपी में लंबे समय में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता, करें प्लानिंग

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अलग-अलग मार्केट कैप सेगमेंट्स को रिप्रेजेंट करने वाले इक्विटी फंड्स में स्मॉल कैप और मिड कैप फंड्स को हाई रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। इन दोनों फंड्स को को हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट माना गया है, लेकिन पिछले 3, 5 और 10 साल के रिटर्न के लिहाज से दोनों में से कौन सी कैटेगरी आगे रही है। इसे देखा जाए तो दोनों ही श्रेणियों का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। निवेशकों ने अच्छा मुनाफा कमाया है। हालांकि मार्केट की उथल-पुथल के दौरान इनमें रिस्क भी अधिक होता है, जो पिछले 1 साल के दौरान दोनों ही कैटेगरी के एवरेज निगेटिव रिटर्न में नजर आता है, लेकिन 3 साल, 5 साल और 10 साल में स्मॉल कैप और मिड कैप, दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि रिटर्न के मामले में दोनों फंड कैटेगरीज में कौन आगे रहा है, स्मॉल कैप या मिड कैप?

### क्या कहता है पिछला प्रदर्शन

स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स के पिछले 3, 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज के आंकड़े काफी दिलचस्प हैं। लंबी अवधि के निवेश पर दोनों ही श्रेणियों ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है। हालांकि एक दो साल का रिटर्न देखें तो कुछ खास नहीं दिखा। इसलिए बाजार के जानकारों का भी कहना है कि निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य और धैर्य को जांच लें। हमेशा लंबी अवधिक के लिए निवेश करें। इसके लिए एसआईपी का सहारा भी लिया जा सकता है। एसआईपी में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता होती है।

### 5 और 10 साल के रिटर्न में स्मॉल कैप आगे

पिछले 3 साल के रिटर्न के आंकड़ों में मिड कैप और स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज लगभग बराबर रहा है। इस दौरान स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न 20.86% और मिड कैप का कैटेगरी रिटर्न उससे थोड़ा बेहतर 20.96% रहा है, लेकिन 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप फंड आगे हैं। 5 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न 28.75% और मिड कैप कैटेगरी का औसत रिटर्न 26.38% रहा है। वहीं, 10 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी ने औसतन 17.24% और मिड कैप कैटेगरी ने 16.29% का एवरेज रिटर्न दिया है।

### रिटर्न के साथ रिस्क भी समझ लें

हालांकि 3 साल से लेकर 10 साल तक के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स के आकर्षक रिटर्न साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन इन आंकड़ों से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती। इन दोनों कैटेगरी के इक्विटी फंड्स में निवेश शॉर्ट टर्म में कितना रिस्की होता है, इसका अंदाजा इनके पिछले 1 साल के निगेटिव रिटर्न को देखकर लगाया जा सकता है. पिछले एक साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 6.54% और मिड कैप कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 3.94% रहा है।



### हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट

स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स को हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट कहा जा सकता है। रिस्कोमीटर पर भी इन दोनों कैटेगरी के सभी फंड्स को वेरी हाई रिस्क यानी बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग ही दी जाती है। ऊपर दिए आंकड़ों से यह भी साफ है कि मिड कैप और स्मॉल कैप फंड्स में लंबी अवधि के लिए निवेश करने की सलाह क्यों दी जाती है।

### किन्हें करना चाहिए निवेश

ऊपर दिए आंकड़ों से ही कुछ बातें साफ होती हैं। पहली बात तो यह है कि स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स में निवेश उन्हीं लोगों को करना चाहिए, जो ऊंचा रिटर्न पाने के लिए मार्केट से जुड़ा हाई रिस्क लेने को तैयार हैं। दूसरी बात यह कि इनमें पैसे हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए ही इनवेस्ट करना चाहिए। यह समझना भी जरूरी है कि इक्विटी फंड्स में पिछला रिटर्न आगे भी जारी रहेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए निवेश से पहले अपनी रिस्क लेने की क्षमता को हमेशा ध्यान में रखें।

### क्या हैं स्मॉल और मिड कैप

**स्मॉल-कैप :** स्मॉल-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण कम होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से कम। ये कंपनियां अक्सर नई और तेजी से बढ़ने वाली होती हैं, और उनके शेयरों में उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना होती है।

**मिड-कैप:** मिड-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण मध्यम आकार का होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से 20,000 करोड़ रुपये के बीच। ये कंपनियां अक्सर स्थापित और स्थिर होती हैं, और उनके शेयरों में मध्यम जोखिम और मध्यम रिटर्न की संभावना होती है।

### स्मॉल-कैप और मिड-कैप के लाभ

1. **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उनके शेयरों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
2. **विविधीकरण :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है, जिससे जोखिम कम होता है।
3. **निवेश के अवसर :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में निवेश करने से आपको नए और रोमांचक निवेश अवसर मिलते हैं

# जरूरत और चाहत में फर्क समझें, बाजार की चकाचौंध में न बिगाड़ लें अपना बजट

■ बाजार जाएं तो ऑफर्स को देखकर ललचाएं नहीं, संयम बरतना जरूरी
■ अपनी जरूरत के हिसाब से ही सामान खरीदें, ताकि कर्ज का बोझ न बढ़े
■ कुछ भी खरीदने से पहले जांच लें कि हमें इसकी कितनी जरूरत
■ त्योहारों की खरीदारी में खुशियों और जेब का संतुलन रखना बेहद जरूरी

अलर्ट
विनोद कौशिक

नवरात्रों के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो गया है। बाजार में तरह-तरह की चीजों की भरमार है। दुकानदार इस समय तमाम ऑफर्स पेश कर ग्राहकों को लुभा रहे हैं। ऐसे में आपको भी थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। कई बार ग्राहक बाजार में ऑफर्स देखकर ललचा जाते हैं, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि त्योहारों की खरीदारी के चक्कर में कहीं आपका बजट बिगड़ न जाए। इसलिए अपना बजट देखकर ईएमआई और लोन ऑफर्स के बीच चाहत और जरूरत में फर्क समझें और खुशियों और जेब के बीच संतुलन बनाकर ही खरीदारी करें। इससे आप अनावश्यक दबाव से बच सकेंगे और बिना किसी कर्ज के खुशियां मना सकेंगे। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी न करें, बेहद जरूरी होने पर ही क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करें, वरना ईएमआई का बोझ आपको परेशान कर सकता है।

### बढ़ जाता है खरीदारी का क्रेज

त्योहारों का मौसम जैसे ही नजदीक आता है, खरीदारी का उत्साह तेजी से बढ़ जाता है। नवरात्र और दशहरे के बाद दिवाली तक हर जगह डिस्काउंट व ऑफर्स की बौछार होती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट की सेल तो लोगों को और ज्यादा लुभाती हैं। बैंक और फिनटेक कंपनियां आसान ईएमआई, बाय नाऊ पे लेटर और लो-इंटरेस्ट लोन की सुविधा देकर शॉपिंग को आकर्षक बना देते हैं, लेकिन शॉपिंग की इस होड़ के बीच बजट बिगड़ने और कर्ज के जाल में फंसने का रिस्क बढ़ जाता है। त्योहार की खरीदारी जेब पर बड़ा बोझ न बन जाए, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



**इस फर्क को समझना जरूरी :** त्योहारों पर डिस्काउंट और ऑफर इतने आकर्षक होते हैं कि अक्सर लोग जरूरत और चाहत के बीच का फर्क ही भूल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर घर के लिए जरूरी फ्रिज या बच्चों के लिए पढ़ाई का लैपटॉप खरीदना एक जरूरत है, जबकि लेटेस्ट स्मार्टफोन या महंगे गैजेट लेना सिर्फ चाहत हो सकती है। इसलिए इन चीजों के बीच के फर्क को समझकर ही खरीदारी करेंगे तो कर्ज के जाल से बच सकेंगे और हंसी खुशी के साथ त्योहार मना सकेंगे।

**बजट तय करें और उस पर टिके रहें :** खरीदारी का असली आनंद तभी है जब वह आपको बाद में तनाव न दे। त्योहारों के मौसम में हर चीज पर खर्च करने का मन करता है, लेकिन अगर आप पहले से कैटेगरी-वाइज बजट बना लें तो हालात आपके नियंत्रण में रहेंगे। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, सजावट और गिफ्टिंग के लिए अलग-अलग रकम तय करें। आजकल कई मोबाइल ऐप्स हैं जिनसे आप रियल-टाइम में अपने खर्च को ट्रैक कर सकते हैं। सिर्फ बजट बनाना काफी नहीं है। असली फायदा तब है, जब आप उस पर मजबूती से टिके रहें।

**लोन लेते समय सावधानी :** त्योहारों पर ईएमआई और बीएनपीएल स्कीमें बहुत आसान लगती हैं, लेकिन याद रखें, यह सब शुरुआत में जितना आसान लगता है, उतना होता नहीं, क्योंकि किस्तें लंबे अरसे तक चलती रहती हैं। एक थंब रूल यह है कि आपकी मंथली इनकम में ईएमआई का हिस्सा अधिकतम 30 से 40 प्रतिशत तक होना चाहिए। इससे बचत और इमरजेंसी खर्चों के लिए भी जगह बनी रहती है। साथ ही ईएमआई को ऑटो-डेबिट में डालना बेहतर है, ताकि पेमेंट में देरी की वजह से पेनाल्टी न देनी पड़े।

### कई लोन लेने की गलती न करें

त्योहार के जोश में लोग कई बार एक साथ अलग-अलग जगहों से लोन ले लेते हैं. कहीं से पर्सनल लोन, कहीं से क्रेडिट कार्ड ईएमआई। नतीजा यह होता है कि हर महीने कई किस्तें चुकानी पड़ती हैं और बजट पूरी तरह गड़बड़ा जाता है। लोन लेने से पहले शर्तें अच्छी तरह पढ़ें। ब्याज दर के अलावा हिडेन चार्ज और पेनल्टी पर भी ध्यान दें। जो ईएमआई अभी सस्ती दिख रही है, हो सकता है लंबे समय में वह महंगी पड़ जाए। इसलिए सिर्फ वही लोन लें जो वास्तव में जरूरी हो और जिसे चुकाना आपके लिए आराम से संभव हो।

### स्मार्ट शॉपिंग से बढ़ाएं बचत

त्योहारों पर डिस्काउंट, बैंक ऑफर्स और कैशबैक एक साथ मिलकर अच्छा फायदा दे सकते हैं। समझदारी इसी में है कि इन ऑफर्स का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए। कई लोग फियर ऑफ मिसिंग आउट यानी एफओएमओ में आकर जरूरत से ज्यादा खर्च कर देते हैं। याद रखें, ऑफर्स हर साल आते हैं, लेकिन आर्थिक मजबूती सबसे जरूरी है। बजट में जितनी गुंजाइश है, उतना ही खर्च करें। त्योहार परिवार के संग खुशियां मनाने और वक्त बिताने का मौका हैं। उन्हें कर्ज और तनाव का कारण न बनने दें।

# जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी ही जल्दी बढ़ जाएगा पैसा

● कुछ छोटे छोटे टिप्स जेन जेड को दिला सकते हैं बड़ा रिटर्न ● अभी-अभी कमाना शुरू किया तो निवेश करना शुरू करें
● एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस दे रहे मजबूत पोर्टफोलियो ● जेन जेड ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से जुड़ी हुई
● फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी सतर्क और जागरूक, जल्दी निवेश से मिलता है कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा

तैयारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप यूथ यानी जेन जेड हैं और निवेश कर पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो अपनी पहली सैलरी के साथ ही निवेश करना शुरू कर दें। आप जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे आपका पैसा उतना जल्दी ही बढ़ेगा। यूथ यानी जेन जेड के लिए निवेश सिर्फ बचत का तरीका नहीं, बल्कि जल्दी आर्थिक आजादी पाने का भी रास्ता है। छोटे-छोटे निवेश से शुरू करके और सही जगह पैसे लगाकर बड़े रिटर्न हासिल किए जा सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस युवाओं को कम रकम से भी मजबूत पोर्टफोलियो बनाने का मौका देते हैं। जेन जेड एक ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से काफी जुड़ी हुई है और फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी जागरूक है। ये युवा सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि उसे समझदारी से इन्वेस्ट करके बढ़ाना भी चाहते हैं। शुरुआती उम्र में इन्वेस्टमेंट शुरू करने से कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है, जिससे थोड़े-थोड़े पैसे भी समय के साथ एक बड़ी रकम में बदल सकते हैं, लेकिन ये जानना जरूरी है कि कौन से ऑप्शन्स उनके लिए बेस्ट हैं, खासकर जब उनके पास इन्वेस्ट करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे ना हों।

### म्यूचुअल फंड्स एसआईपी का जादू

म्यूचुअल फंड एसआईपी जेन जेड के लिए सबसे आसान और भरोसेमंद विकल्प है। खासकर अगर आपको स्टॉक मार्केट की ज्यादा जानकारी नहीं है। इसमें आप महज 500 प्रति माह से शुरुआत कर सकते हैं। हालांकि इसमें थोड़ा लंबी अवधि के लिए निवेश करना होता है, लेकिन यह पैसे बचाने और अच्छा रिटर्न पाने का बेहतरीन तरीका है। एसआईपी को धीरे-धीरे बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें आपको 12-15% तक का औसत वार्षिक रिटर्न लंबे समय में मिल सकता है। आपका पैसा कई जगह इन्वेस्ट होता है, जिससे रिस्क कम हो जाता है। एक्सपर्ट्स आपके पैसे को मैनेज करते हैं। जरूरत पड़ने पर आप आसानी से अपने पैसे निकाल भी सकते हैं। अगर आप 1,000 महीने की एसआईपी 20 साल तक करें और 12% रिटर्न मिले तो करीब 9.19 लाख का फंड बन सकता है, जबकि निवेश सिर्फ 2.4 लाख रुपये का होगा।

### डिजिटल गोल्ड–सुरक्षित व आसान

आज के युवाओं को गोल्ड का पुराना झंझट पसंद नहीं। इसलिए उनके लिए डिजिटल गोल्ड निवेश का बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इसमें निवेश करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। निवेश के लिए कई प्लेटफॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ये जेन जेड के लिए निवेश करने के लिए आसान हैं। युवा इन एप्स के जरीये आसानी से निवेश कर अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। इसमें 24 कैरेट का शुद्ध सोना खरीद सकते हैं। सिर्फ 100 रुपये से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। मेकिंग चार्ज का झंझट नहीं होता। सेफ्टी को लेकर बहुत फिक्रमंद रहने की जरूरत नहीं होती। आप चाहें तो भविष्य में इसे फिजिकल गोल्ड में भी कन्वर्ट करवा सकते हैं। इसके अलावा गोल्ड हमेशा महंगाई को मात देता है और पोर्टफोलियो को स्थिरता देता है।




### कहां निवेश करें?

▶▶ फोन पे, पेटीएम, गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं।
▶▶ पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)–गारंटीड रिटर्न
▶▶ लॉन्ग टर्म और सुरक्षित निवेश चाहने वालों के लिए पीपीएफ परफेक्ट है। इसके जरिए लॉन्ग टर्म में मोटा फंड तैयार किया जा सकता है।

### यह होगा फायदा

इसमें सालाना 500 रुपये मिनिमम निवेश कर सकते हैं। हालांकि बड़े रिटर्न के लिए बड़ी राशि निवेश करनी पड़ेगी। सरकार हर तिमाही ब्याज दर तय करती है। फिलहाल 7.1% है, जो तमाम स्कीम्स की तुलना में बेहतर है। ईईई की कैटेगरी में आने के कारण आपका तीन तरह से टैक्स बचाएगी।

### कैसे करें निवेश?

▶▶ बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर आप इस स्कीम को शुरू कर सकते हैं।
▶▶ पी2पी लेंडिंग पर सीधे पैसे उधार दें
▶▶ पी2पी लेंडिंग एक नया इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है जहां आप सीधे दूसरों को पैसे उधार देते हैं और बदले में ब्याज कमाते हैं।-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए आप उन लोगों या छोटे बिज़नेसेस को पैसे उधार देते हैं जिन्हें जरूरत होती है।
▶▶ आमतौर पर बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज मिलता है (10-18% तक)। आपके इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक नया एसेट क्लास जुड़ता है।

फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) : सुरक्षित और स्थिर अगर आपके पास एकमुश्त रकम है और आप निवेश पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते, तो एफडी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में एक निश्चित अवधि के लिए पैसे जमा करते हैं और आपको उस पर फिक्स्ड ब्याज मिलता है। इसमें आपके पैसे पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। आपको पहले से पता होता है कि कितना ब्याज मिलेगा। मार्केट के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं होता।

**जानकारी** मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें बन जाती हैं खतरा, इसलिए पहले से ही कर लें निवेश की तैयारी

**सेवानिवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम ताकि किसी पर डिपेंड नहीं रहना पड़े**

# एन्युटी में निवेश कर सेवानिवृत्ति के बाद हो जाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र, बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी से बनी रहती है मानसिक शांति

समझदारी
सुश्री विद्या अय्यर

हर व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहता है। चाहे वेतनभोगी हों या स्व-रोज़गार वाले लोग, सभी चाहते हैं कि बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी और मानसिक शांति बनी रहे, लेकिन, मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें अक्सर दीर्घकालिक आय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की है। इससे सुनिश्चित बचत विकल्पों पर मिलने वाले रिटर्न में कमी आई है, जिससे सेवानिवृत्त लोगों को अपनी बचत से कम आय हो रही है। इसलिए आपको पहले से ही जागरूक होना होगा और सेवा निवृत्ति के बाद बुढापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने होंगे। आपके लिए एन्युटी में निवेश बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपको जीवन भर की आय मिल सकती है और किसी डिपेंड नहीं रहना होगा। तभी आप अपना भविष्य सुरक्षित रख पाएंगे।

### एन्युटी (वार्षिकी) कैसे मदद करती हैं?

सेवानिवृत्ति के बाद स्थिर और नियमित आय हो तो लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहते हैं। इस तरह की नियमित आय से सेवानिवृत्त लोग जीवनयापन के खर्च के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा या अपने हर तरह के शौक पूरे कर सकते हैं और दूसरों पर निर्भर हुए बिना शांति से जीवन-यापन करसकते हैं। एन्युटी जीवन भर की आय प्रदान करती है। यह आय मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर हासिल की जा सकती है और इसे जीवन भर या निश्चित अवधि के लिए अपनी ज़रूरत के अनुरूप व्यवस्थित किया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें निश्चितता होती है। सेवानिवृत्त लोगों को पता होता है कि उन्हें नियमित आय होगी जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद कर सकती है।



### एन्युटी में निवेश करने का यह सही समय क्यों?

ब्याज दरों में गिरावट के माहौल में, एन्युटी विशेष रूप से उपयोगी होती हैं। इससे खरीद के समय ब्याज दर लॉक हो जाती है, जिससे जीवन भर के लिए आय की गारंटी सुनिश्चित होती है और ब्याज दर में किसी भी उतार-चढ़ाव का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इए में ब्याज दरों में कमी आने की उम्मीद है, जैसा कि अमेरिका और जापान जैसे देशों में देखा जा रहा है। अभी कदम उठाने से भविष्य की आय सुरक्षित करने में मदद मिल सकती है। जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं, उनके लिए पूर्वानुमान सुरक्षा लाता है।

### विवेकपूर्ण विकल्प

एन्युटी उत्पाद इस मायने में बहुमुखी हैं कि ये न केवल सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए बल्कि जीवनसाथी के लिए भी गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं। सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए, एन्युटी एक स्मार्ट और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार विकल्प है। अनिश्चितता के दौर में, एन्युटी विश्वसनीयता प्रदान करती है। इस पर आधारित योजनाएं सेवानिवृत्त लोगों को आगे की योजना बनाने का आत्मविश्वास देती हैं, उन्हें ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से बचाती हैं और आजीवन स्वतंत्रता सुनिश्चित करती हैं। आज की दरों पर आय को सुरक्षित कर, व्यक्ति अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए मजबूत और सुरक्षित आधार तैयार कर सकते हैं।

*(लेखक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फिक्स्ड इन्कम हेड हैं।)*

### क्या है एन्यूटी

एन्यूटी एक प्रकार का निवेश है जिसमें आप एक निश्चित राशि का भुगतान करते हैं और बदले में एक निश्चित अवधि के लिए नियमित आय प्राप्त करते हैं। एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक स्थिर और अनुमानित आय मिल सकती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।

### एन्यूटी के प्रकार

1. **फिक्स्ड एन्यूटी** : इसमें आपको एक निश्चित दर पर आय मिलती है, जो आपके निवेश की अवधि के दौरान नहीं बदलती है।
2. **वेरिएबल एन्यूटी** : इसमें आपकी आय बाजार की स्थिति के आधार पर बदल सकती है।
3. **इंडेक्स-लिंक्ड एन्यूटी** : इसमें आय एक विशिष्ट सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़ी होती है, जैसे कि शेयर बाजार सूचकांक।

### एन्यूटी के लाभ

1. **नियमित आय** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक नियमित आय मिलती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।
2. **जोखिम कम** : एन्यूटी में निवेश करने से जोखिम कम होता है, क्योंकि आपको एक निश्चित आय मिलती है।
3. **वित्तीय सुरक्षा** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको वित्तीय सुरक्षा मिलती है, जो आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

### एन्यूटी के लिए कौन उपयुक्त

1. **रिटायर्ड व्यक्ति**
एन्यूटी में निवेश करना रिटायर्ड व्यक्तियों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक नियमित आय की तलाश में हैं।
2. **जोखिम से बचने वाले निवेशक**
एन्यूटी में निवेश करना जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक निश्चित आय की तलाश में हैं।
3. **वित्तीय सुरक्षा की तलाश में**
एन्यूटी में निवेश करना उन लोगों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो वित्तीय सुरक्षा की तलाश में हैं।

# पैरा विश्व तीरंदाजी: पैरों और ठुड्डी की सहायता से लगाया अचूक निशाना, 18 साल की शीतल ने जीता गोल्ड

## बिना बाजू वाली पैरा तीरंदाज ने दुनिया की नंबर एक ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से हराया

एजेंसी ▶▶| ग्वांग्जू

भारत की 18 वर्षीय शीतल देवी ने विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्किये की दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। स्पर्धा में शीतल एकमात्र बिना बाजू वाली पैरा तीरंदाज हैं। वह निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल करती हैं और यह चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले शीतल और सरिता ने कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में रजत पदक। शीतल ने तोमन कुमार के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।



### शीतल ने संयम से लगाए निशाने

व्यक्तिगत फाइनल तनावपूर्ण था लेकिन शीतल ने संयम से निशाने लगाए। पहला राउंड 29-29 से बराबरी पर था, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में 10-10 के तीन शॉट लगाकर 30-27 से जीत बढ़त हासिल की। तीसरा राउंड भी 29-29 से बराबरी पर था। चौथे राउंड में शीतल मामूली अंतर से चूक गईं, जिसमें उन्होंने 28 अंक बनाए और गिर्डी एक अंक से इसे जीत गईं। हालांकि फिर भी शीतल ने 116-114 के स्कोर पर दो अंक की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद उन्होंने अंतिम राउंड में तीन सटीक तीर से 30 अंक बनाकर अपना पहला स्वर्ण पदक पक्का किया।



### कंपाउंड में सरिता के साथ जीता रजत

इससे पहले जम्मू कश्मीर की इस तीरंदाज ने सेमीफाइनल में ब्रिटेन की जोड़ी ग्रिनहम को 145-140 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह खिताबी मुकाबला 2023 पिलसन विश्व चैंपियनशिप का दोहराव था, जिसमें गिर्डी ने शीतल को 140-138 से हराया था। कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता को फाइनल में तुर्की से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए बनाई बढ़त

भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले राउंड में गिर्डी और बुर्सा फातमा उन की तुर्की की जोड़ी पर 38-37 की बढ़त बनाई। भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती चार तीर से तीन बार 10 अंक जुटाए जबकि तुर्की की जोड़ी केवल एक बार ही 10 अंक बना सकी। तुर्की की तीरंदाजों ने दूसरे राउंड में तीन बार 10 अंक से 39 अंक जुटाकर वापसी की और स्कोर 76-76 से बराबर कर दिया। तीसरे राउंड में भारतीय जोड़ी दबाव में आ गई। शीतल और सरिता एक बार 10, दो बार नौ और एक बार आठ अंक से कुल 36 अंक ही बना पाईं। भारतीय टीम 36 अंक ही बना पाई, जिसमें एक तीर सात अंक पर लगा। तुर्की ने 152-148 से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

---

## खबर संक्षेप



### आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप: रश्मिका-कपिल ने जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजों ने डॉ. कर्णी सिंह रेंज में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए। रश्मिका और कपिल ने एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। रश्मिका और कपिल ने खिताबी दौर में वंशिका चौधरी और एंटोनी जोनाथन गेविन की एक अन्य भारतीय जोड़ी को 16-10 से हराया। इनेस ओर्टेगा कास्त्रो और लुकास सांचेज की स्पेन की जोड़ी ने पेरिमाह अमीरी मोहम्मद रेजा अहमादी की ईरान की जोड़ी को 16-14 से हराकर कांस्य पदक जीता। रश्मिका और कपिल की जोड़ी ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया और क्वालीफिकेशन में 582 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में एकतरफा मुकाबला देखने को मिला। रश्मिका और कपिल ने शुरुआती बढ़त बनाई और फिर विरोधी जोड़ी को वापसी करने का मौका नहीं दिया।

### सूर्यकुमार के सामने चमक बिखेरने की चुनौती

**दुबई।** कप्तान के तौर पर एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में अब तक शानदार परिणाम हासिल करने वाले सूर्यकुमार यादव बल्ले से अपनी ख्याति के मुताबिक चमक बिखेरने में नाकाम रहे हैं लेकिन रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले फाइनल में उनके पास शानदार मौका होगा। सूर्यकुमार का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में नाबाद 47 रन रहा है।



### अभिषेक दिखा रहे अपना स्वाभाविक खेल : जयसूर्या

**दुबई।** श्रीलंका के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की निडर बल्लेबाजी की सराहना की है और टीम प्रबंधन को इस युवा खिलाड़ी को अपना स्वाभाविक खेल खेलने का मौका देने का श्रेय दिया है। जयसूर्या का मानना है कि इसका नतीजा भारतीय टीम को मौजूदा एशिया कप में अभिषेक के लगातार अच्छे प्रदर्शन के रूप में मिला है। पच्चीस वर्षीय भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने शुक्रवार को सुपर ओवर में श्रीलंका पर भारत की जीत के दौरान टूर्नामेंट का अपना तीसरा अर्धशतक जड़ा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

---

भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर एकजुट होकर खेलना होगा

### आज रात 8 बजे से एशिया कप फाइनल

# हाई-वोल्टेज मुकाबले में भारत की नजर जीत हासिल करने पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

जीत ही सब कुछ नहीं होती लेकिन 11 भारतीय क्रिकेटर रविवार को एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उतरेंगे तो उनकी नजरें सिर्फ जीत हासिल करने पर टिकी होंगी। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले की तैयारी के बीच मैदान पर खेल और मैदान के बाहर की राजनीति के बीच की रेखाएं धुंधली पड़ गई हैं। अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता और लेखक माइक मार्कुसी के शब्दों में यह 'बिना गोलीबारी के युद्ध' जैसा है।

वर्षों से भारत-पाकिस्तान मुकाबले में रोमांच की कमी नहीं रही है लेकिन शायद ही कभी यह इतनी उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि में हुआ जब क्रिकेट के मैदान के बाहर का तनाव, उत्तेजक इशारे और दोनों पक्षों पर लगे जुर्माने इससे जुड़े हुए प्रतीत हों। फिर भी शोरगुल से परे क्रिकेट अपने आप में आकर्षक रहा है और इस दौरान सुर्खियां अभिषेक शर्मा के 200 से अधिक के शानदार स्ट्राइक रेट और कुलदीप यादव के 13 विकेट ने बटोरी। अफसोस की बात है कि ये उपलब्धियां भी अक्सर टकराव और बहस की भेंट चढ़ जाती हैं। इसकी शुरुआत भारत की पहले मैच में 'हाथ नहीं मिलाने की' नीति से हुई जब कप्तान सूर्यकुमार यादव टॉस के समय और मैच के बाद हाथ मिलाए बिना चले गए। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ ने तानों, अपशब्दों और यहां तक कि विमान दुर्घटना का इशारा करके जवाब दिया, जिससे एक ऐसा बवाल मचा कि दोनों ही आईसीसी की जांच के घेरे में आ गए और उन पर 30 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया।



### सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद

सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद है। शुभमन गिल मुकाबले को खत्म नहीं कर पा रहे जबकि संजू सैमसन और तिलक जैसे खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ महज औपचारिकता के मैच में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। अब तक अभिषेक ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अगर वह असफल रहे तो क्या होगा? पूरे टूर्नामेंट के दौरान अभिषेक के अलावा अन्य बल्लेबाज बिल्कुल भी विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने पर कोई भी 'प्लान बी' के बारे में नहीं जानता। अगर भारत अभिषेक पर बहुत अधिक निर्भर है तो पाकिस्तान की कमजोरियां और भी अधिक स्पष्ट हैं।

### पाक टीम का बल्लेबाजी क्रम प्रभावी नहीं

टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी प्रभावी नहीं रहा है। जसप्रीत बुमराह को कुछ समय परेशान करने वाले साहिबजादा फरहान के अलावा अन्य बल्लेबाज दमदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सईम अयूब का अभियान बेहद निराशाजनक रहा है। वह चार बार शून्य पर आउट हुए और एक समय तो टूर्नामेंट में उनके नाम पर रन से अधिक विकेट दर्ज थे। हुसैन तलत और सलमान अली आगा भारतीय स्पिनरों के सामने लड़खड़ा गए।

### टीम इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी और सुफयान मोकिम।

---

### विश्व पैरा एथलेटिक्स

# थेकरा ने थ्री-व्हील फ्रेम रनिंग में जीता गोल्ड, बनाया विश्व रिकॉर्ड

### लंबी कूद टी37 स्पर्धा में शियाओयान ने जीता स्वर्ण



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की थेकरा अलकाबी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन महिलाओं की 100 मीटर टी71 फ्रेम रनिंग स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। टी71 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है, जिनके धड़ और पैरों में गतिशीलता काफी हद तक प्रभावित होती है। अलकाबी 19.89 सेकेंड का समय निकालकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करने में सफल रही। इस 23 साल की खिलाड़ी ने लिथुआनिया की बेला मोरकस के इस साल जुलाई में कायम 20.08 सेकेंड के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मोरकस ने यहां 21.53 सेकेंड के समय के साथ रजत जबकि पोलैंड की मिरियम डोमिनिकोवस्का ने 23.56 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। अलकाबी का इस स्पर्धा में पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 23.58 सेकेंड था। उन्होंने इससे पहले 2023 हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में एफ32 क्लब थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। महिलाओं की लंबी कूद टी37 स्पर्धा में, विश्व रिकॉर्ड धारक चीन की वेन शियाओयान ने 5.32 मीटर की मीट रिकॉर्ड दूरी के साथ अपेक्षा के अनुरूप स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2019 में कायम अपने पिछले मीट रिकॉर्ड 5.22 मीटर में सुधार किया। उनका मौजूदा विश्व रिकॉर्ड 5.45 मीटर है। उन्होंने इसे 2023 हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों के दौरान बनाया था।

### 400 मीटर टी20 के फाइनल में दीप्ति

नई दिल्ली। भारत का विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अभियान शानदार तरीके से शुरू हुआ जब धाविका दीप्ति जीवनजी ने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तेलंगाना की 22 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर की दूसरी हीट में 58.35 सेकेंड का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पहली हीट में वेनेजुएला की लियोनेला कोरोमोटो वेरा कोलिना ने 57.10 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया, जो उनका भी सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय है। मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्की की आयसेल ओन्डर 57.88 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। ओन्डर ने पिछले साल पेरिस पैरालंपिक में 54.96 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

---

### ताइवान मास्टर्स

# संधू कट हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय

एजेंसी ▶▶| ताइपे सिटी

युवराज संधू दूसरे दौर में दो ओवर 74 के स्कोर से मरकरीज ताइवान मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गोल्फर रहे। दो दौर के बाद संधू का कुल स्कोर चार ओवर है और वह संयुक्त रूप से 36वें स्थान पर हैं। इस बीच विराज मादप्पा (82-69), शिव कपूर (76-77), राहिल गंगजी (80-74), एसएसपी चौरसिया (79-75), अजितेष संधू (79-77) और राशिद खान (77-82) कट हासिल करने में नाकाम रहे। भारतीय अमेरिकी मानव शाह भी दूसरे दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से कुल छह ओवर से स्कोर से कट हासिल नहीं कर पाए।



---

### मार्केट न्यूज

## जरूरी नहीं रोशनी चिरागों से हो, बेटियां भी करती हैं घर को रोशन: संजीव जुनेजा



**चंडीगढ़।** 'इंटरनेशनल डॉटर्स डे' के अवसर दिविसा हर्बल्ज प्रा. लि. के सुप्रसिद्ध प्रोडक्ट आयुर्वेदिक रूप मंत्रा के सौजन्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और बेटियों के प्रति अपने-अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर ब्रांड मशीन के नाम से मशहूर एंटरप्रन्योर और इंवेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने बेटियों का हमारे जीवन में होने के महत्व बताते हुए कहा कि बेटियां भगवान का दिया हुआ वह अनमोल उपहार हैं जो हमारे जीवन में अपार खुशियां और प्यार लाती हैं। हमारे घर-आंगन को खुशियों से भर देती हैं। आपकी राजकुमारी यह सुनने की हकदार है कि आप उससे कितना प्यार करते हैं। भले ही वह बड़ी हो गई हो और घर से दूर हो, फिर भी है तो वो आपकी राजकुमारी ही। उन्होंने अपनी बेटी के बारे में भी कहा कि "मेरी नन्ही परी, तुम मेरी कमजोरी नहीं, बल्कि मेरी ताकत हो। मैं तुम्हारे लिए जीवन और समाज की हर परिस्थितियों और चुनौतियों से लड़ने के लिए हमेशा तैयार हूं।" कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए डा. जुनेजा ने कहा कि बेटियों में आत्मविश्वास होना बहुत जरूरी है और उन्हें यह मिलता है, अपनों के विश्वास, प्यार और खुद के दृढ़ व्यक्तित्व से।

---

# चीन ओपन : स्वियातेक ने रचा इतिहास, तीसरे दौर में पहुंची

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने युआन यू को सीधे सेट में 6-0, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश करके डब्ल्यूटीए टूर में इतिहास रच दिया। डब्ल्यूटीए ने कहा कि जीत के साथ स्वियातेक लगातार तीन सत्र में डब्ल्यूटीए-1000 स्पर्धाओं में 25 या उससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। अन्य मुकाबलों में चौथी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने चीन की झू लिन को 6-2, 6-2 से हराया जबकि अमेरिका की ऐमा नवारो ने एलेना-गैब्रियल रुसे को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी।



---

### 30 सितंबर से शुरू हो रहा महिला क्रिकेट विश्व कप

# युवा जोश और अनुभवी कंधों पर सवार टीम को विश्वकप जीतने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| दुबई

कप्तान हरमनप्रीत कौर को विश्वास है कि मंगलवार 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हर विभाग में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के अच्छे मिश्रण से उनकी टीम को पहली बार विश्व खिताब जीतने में मदद मिलेगी। भारत चौथी बार आईसीसी की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। टीम इससे पहले दो मौकों पर खिताब जीतने के करीब पहुंची थी। भारतीय टीम ने पिछली बार 2017 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन तब मिताली राज की अगुवाई वाली टीम लॉर्ड्स में इंग्लैंड से रोमांचक मुकाबले में हार गई थी। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता की अच्छी तैयारी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला जीती और फिर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को घरेलू सरजमीं पर कड़ी टक्कर दी लेकिन श्रृंखला में मेजबान टीम को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

- भारत चौथी बार कर रहा प्रतियोगिता की मेजबानी
- भारतीय टीम में हर विभाग में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण : हरमनप्रीत



### मुकाबला कड़ा, भारतीय टीम आत्मविश्वास से भरी

हरमनप्रीत ने कहा कि हालांकि सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला कड़ा होगा लेकिन टीम आत्मविश्वास से भरी है। भारतीय कप्तान ने कहा, 'प्रतिस्पर्धा हमेशा की तरह कड़ी है लेकिन टीम को अपने कौशल, तैयारियों और चुनौती से पार पाने की अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है।' हरनमप्रीत ने कहा, 'घरेलू और विदेशी धरती पर खेले गए हालिया मुकाबलों के नतीजे टीम के लिए उत्साहजनक रहे हैं और हम विश्व कप में इस लय को बरकरार रखने के लिए उत्सुक हैं।'

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

मुख्य अभियंता/निर्माण/आरएसपी/एनआर, 901 बी, टॉवर-I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टॉवर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली-110002 भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत ई-निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| कार्य का पूरा नाम | अंबाला मंडल के अंबाला-लुधियाना खंड पर दोराहा और साहनेवाल स्टेशन के बीच किमी 353.990 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 164ए/2-ई के स्थान पर चार लेन के रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) (पुल भाग और पहुंच मार्ग) का निर्माण और फिरोजपुर मंडल के भगतांवाला रेलवे स्टेशन के पास अमृतसर-खेमकरन खंड के बीच किमी 3/2-3 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या बी-4/ई-2 के स्थान पर दो लेन के रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण सड़क सुरक्षा परियोजना इकाई (आरएसपीयू)/एनआर नई दिल्ली के तहत |
| लगभग कार्य की लागत | रु.1152120826.14/- रुपये मात्र (एक सौ पंद्रह करोड़ इक्कीस लाख बीस हजार आठ सौ छब्बीस रुपये और चौदह पैसे मात्र) |
| कार्य समाप्ति की अवधि | 18 महीने की अवधि |
| बयाना राशि | रु. 5910600.00/- मात्र रुपये (उनसठ लाख दस हजार छह सौ रुपये मात्र) |
| रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर 26.09.2025 से 24.10.2025 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर 24.10.2025 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.10.2025, 11:30 बजे के बाद किसी भी समय |

सं0 17-W-09-2025-WA-DyCEC-RSP दिनांक : 26.09.2025 2996/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109


Hero
1.25M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
★★★★★
हीरो का स्कूटर
स्कूटर का हीरो
SCAN TO WATCH OUR
NEW HERO DESTINI FILM
THE ALL NEW
Destini
125
बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स
प्रीमियम क्रोम एक्सेंट्स
बड़ी और आरामदायक सीट 785mm
बेस्ट-इन क्लास माइलेज#
सेगमेंट में पहली बार ऑटो-कैंसल विंकर्स
पुराना एक्स-शोरूम
₹82 266** से शुरू
GST बेनिफिट्स
₹6 428**
नया एक्स-शोरूम
₹75 838** से शुरू
सीमित समय ऑफ़र
प्रतिदिन की EMI
₹75$ से शुरू
डाउन पेमेंट
₹1999$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000$ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*
Also available on
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi:Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati HeroAdchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla HeroPulPrahladpurBadarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero-9289922461, East Delhi:Durgapuri(Loni Road, Shahadra):Himgiri Hero- 9289922380, PushtaKartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, PatparganjPandav Nagar:SinglaAutoneeds Hero- 9289923222, North Delhi:Azadpur: ShramanHero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597,BudhVihar:JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi:Karol Bagh(Faiz Road):EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi:Roshan Vihar (Najafgarh):Avni Hero- 9289922671, PaschimVihar (Peeragarhi):Shivganga Hero-9289922796, PalamDabri Road (Dwarka):Singla Hero- 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero-9289924310.Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123;Sahibabad:Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63- 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248;Sohna:Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad:Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.
RS/Hero/09/25